■ श्रावण शुक्ल - 14 ■ संवत 2080 ■ वर्ष - 19 ■ अंक - 10 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- बेंगलूरु » मंगलवार » 01-08-2023 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : news@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 किसी के साथ अन्याय नहीं होने देंगे : योगी आदित्यनाथ
6 अविश्वास प्रस्ताव के जरिए एका दिखाएगा विपक्ष
7 यदि मुद्दों को सड़कों पर ही उठाना है तो संसद के लिए निर्वाचित क्यों हुए : अनुराग ठाकुर

## फर्स्ट टेक

### 6.40 करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल

**नई दिल्ली/वार्ता।** आयकर आंकलन वर्ष 2023-24 के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने के अंतिम दिन आज शाम चार बजे तक 6.40 करोड से अधिक रिटर्न दाखिल किये जा चुके हैं। आयकर विभाग ने एक ट्विट के माध्यम से यह जानकारी दी और कहा कि शाम 4.00 बजे तक 26.74 लाख रिटर्न दाखिल किये गये हैं। इसमें से 3.84 लाख रिटर्न पिछले एक घंटे में दाखिल हुये हैं। कल तक कुल मिलाकर 6.13 करोड़ रिटर्न दाखिल किये गये थे। इस तरह से कुल मिलाकर 6.40 करोड़ रिटर्न दाखिल हो चुके हैं। उसने कहा कि शाम 6.30 बजे तक आयकर रिटर्न दाखिल करने वाले पोर्टल पर 1.30 करोड़ से अधिक लॉगइन किया गया। आयकर विभाग कई बार कह चुका है कि वित्त वर्ष 2022-23 के लिए रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि में आगे नहीं बढ़ायी जायेगी।

### बैंकॉक में तीन दिवसीय विश्व हिंदू कांग्रेस होगी आयोजित

**हैदराबाद/वार्ता।** विश्व हिंदू फाउंडेशन (डब्ल्यूएचएफ) थाईलैंड की राजधानी बैकॉक में 24 से 26 नवंबर तक तीन दिवसीय विश्व हिंदू कांग्रेस 2023 का आयोजन करेगा। डब्ल्यूएचसी के संस्थापक स्वामी विज्ञानानंद ने रविवार को यहां आयोजित समारोह में डब्ल्यूएचसी 2023 के पोस्टर का अनावरण करने के बाद कहा कि वैश्विक कांग्रेस व्यापार, अर्थव्यवस्था, शिक्षा, मीडिया, राजनीतिक, महिला युवाओं, मंदिरों और समान विचारधारा वाले संगठनों के सम्मेलन में समान विचारधारा वाले लोगों की नेटवर्किंग का एक मंच है।

### ब्रिटेन: वनवेब पर चीन के कब्जा करने के पुराने मामले की जांच शुरू

**लंदन/वार्ता।** ब्रिटेन की खुफिया विभाग ने 2020 में वनवेब उपग्रह कंपनी के दिवालिया घोषित होने के बाद चीन के उस पर कब्जा करने के प्रयास की जांच शुरू की है। 'द टेलीग्राफ' समाचार पत्र ने संसद की खुफिया और सुरक्षा समिति की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। समाचार पत्र ने रविवार को कहा कि बोरिस जॉनसन की सरकार द्वारा वनवेब को बचाने से पहले राज्य के स्वामित्व वाली चीन एयरोस्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी कॉर्पोरेशन सहित चीनी बोलीदाता ब्रिटिश उपग्रह कंपनी में निवेश पर विचार कर रहे थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक चीनी एयरोस्पेस कंपनी के ब्रिटेन की लो अर्थ ऑर्बिट उपग्रह कंपनी, वनवेब को खरीदने के कदम के निहितार्थ की जांच की जा रही थी।

| | |
|---|---|
| 01-08-2023 सूर्यास्त 6:47 बजे | 02-08-2023 सूर्योदय 6:05 बजे |
| BSE 66,160.20 (-106.62) | NSE 19,646.05 (-13.85) |
| सोना 6,195 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 77,080 रु. प्रति किलो |

# हरियाणा में विहिप के जुलूस पर पथराव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com





निकटवर्ती गुरुग्राम जिले के सोहना में मुस्लिम समुदाय के लोगों की भीड़ ने चार वाहनों और एक दुकान को आग लगा दी।

■ **एक होम गार्ड की गोली लगने से मौत हो गई और लगभग एक दर्जन पुलिसकर्मी घायल हो गए।**

**हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने हरियाणा एक हरियाणवी एक का नारा देते हुए नूंह में शांति की अपील की।**

**गुरुग्राम/चंडीगढ़/भाषा।** हरियाणा के नूंह जिले में भीड़ ने विश्व हिंदू परिषद के जुलूस को रोकने की कोशिश कर कारों में आग लगा दी। इस दौरान एक होम गार्ड की गोली लगने से मौत हो गई और लगभग एक दर्जन पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। मुस्लिम बहुल नूंह में हिंसा की खबर फैलते ही, निकटवर्ती गुरुग्राम जिले के सोहना में मुस्लिम समुदाय के लोगों की भीड़ ने चार वाहनों और एक दुकान को आग लगा दी। प्रदर्शनकारियों ने एक सड़क पर घंटों तक आवागमन को बाधित रखा।

हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि राज्य में हवाई मार्ग से केंद्रीय बलों की तीन कंपनियां भेजी जा रही हैं। नूंह और गुरुग्राम जिलों में लोगों के एकत्र होने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने हरियाणा एक हरियाणवी एक का नारा देते हुए नूंह में शांति की अपील की।

एक अधिकारी ने बताया कि नूंह हिंसा में करीब एक दर्जन पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। उनमें से आठ को गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल ले जाया गया। होडल के पुलिस उपाधीक्षक सज्जन सिंह के सिर में और एक इंस्पेक्टर के पेट में गोली लगी। नीरज नाम के होम गार्ड की अस्पताल में मौत हो गई।

पुलिस ने कहा कि जलाए गए वाहन जुलूस का हिस्सा रहे लोगों और पुलिस के थे। एक वीडियो क्लिप में कम से कम चार कारों को जलते हुए देखा जा सकता है। एक अन्य कथित वीडियो में पुलिस की दो क्षतिग्रस्त कारें दिखाई दे रही हैं। क्लिप में गोलियों की आवाज भी सुनी जा सकती है। पुलिस के अनुसार, विश्व हिंदू परिषद की 'बृज मंडल जलाभिषेक यात्रा' को नूंह में खेड़ला मोड़ के पास युवकों के एक समूह ने रोका और पथराव करने लगे। एक अधिकारी ने बताया कि जुलूस में शामिल कम से कम चार कारों में आग भी लगा दी गई। कुछ पुलिस वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए।

खबरों के मुताबिक, जुलूस में शामिल लोगों ने पलटवार करते हुए उन्हें रोकने वाले युवकों पर पथराव किया।

जलाभिषेक यात्रा को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने गुरुग्राम के सिविल लाइंस से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। जुलूस के साथ पुलिस की एक टुकड़ी भी तैनात गई थी।

कुछ दावों के मुताबिक, बल्लभगढ़ में बजरंग दल के एक कार्यकर्ता द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया एक आपत्तिजनक वीडियो झड़प की वजह बना। ऐसी भी खबरें थीं कि राजस्थान में दो मुस्लिम व्यक्तियों की हत्या में वांछित गोरक्षक मोनू मानेसर को जुलूस में शामिल होना था। मानेसर ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि उन्होंने विहिप की सलाह पर जुलूस में भाग नहीं लिया, क्योंकि उन्हें डर था कि उनकी उपस्थिति से तनाव पैदा हो सकता है। ट्विटर पर कथित तौर पर उन्हें नूंह आने की चुनौती देने की धमकियां भी दी गईं।

गृह मंत्री विज ने कहा कि वह वरिष्ठ अधिकारियों के लगातार संपर्क में हैं। विज ने 'पीटीआई-भाषा से कहा, हमारी पहली प्राथमिकता स्थिति को नियंत्रण में लाना है। हम सभी से शांति बनाए रखने की अपील कर रहे हैं। विज ने कहा कि उन्होंने पुलिस महानिदेशक, अतिरिक्त मुख्य सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से भी बात की। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने भी लोगों से शांति और भाईचारा बनाए रखने का अनुरोध किया। नूंह के विधायक आफताब अहमद और पूर्व विधायक जाकिर हुसैन ने भी इसी तरह की अपील की।

उच्चतम न्यायालय ने दी

## उपमुख्यमंत्री शिवकुमार को राहत, सीबीआई की याचिका खारिज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/वार्ता।** उच्चतम न्यायालय ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की याचिका सोमवार को खारिज कर दी, जिसमें कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के कथित तौर पर अर्जित आय से अधिक संपत्ति की जांच पर अंतरिम रोक लगा दी गई थी।

न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति सी टी रविकुमार और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया।

कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष शिवकुमार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता ए एम सिंघवी ने दलील देते हुए कहा कि मामला उच्च न्यायालय की खंडपीठ के समक्ष लंबित है। पीठ ने इसका दलील का संज्ञान लिया और सीबीआई की याचिका खारिज कर दी।

सिंघवी ने कहा कि सीबीआई की याचिका उच्च न्यायालय के अंतरिम आदेशों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि मामला उच्च न्यायालय के समक्ष निर्णय के अंतिम चरण में है।

शीर्ष अदालत की पीठ ने अपने आदेश में कहा,चूंकि वर्तमान विशेष अनुमति याचिका पूरी तरह से एक अंतरिम आदेश से उत्पन्न हुई है, हम वर्तमान याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं। संबंधित पक्षकारों के लिए उपलब्ध सभी प्रश्न उच्च न्यायालय के समक्ष निर्णय के लिए रखे गए हैं।

## पाक घुसपैठिया ढेर

**जम्मू/भाषा।** जम्मू-कश्मीर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने रविवार देर रात एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया। अधिकारियों ने बताया कि एक सप्ताह में ऐसी दूसरी घटना है। अधिकारियों ने बताया कि अरनिया सेक्टर की जाबोवाल सीमा चौकी के निकट बीएसएफ के सतर्क जवानों ने घुसपैठिए को उस समय मार गिराया, जब उसने बार-बार दी गई चेतावनियों को नजरअंदाज कर दिया और देर रात करीब 1.45 बजे सीमा पर लगी बाड़ को पार करने के बाद भागने की कोशिश की। बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने इस घटना की पुष्टि करते हुए कहा, 30 जुलाई और 31 जुलाई की मध्य रात्रि को सतर्क बलों ने अरनिया सीमा क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) के पास संदिग्ध गतिविधि देखी। उन्होंने कहा, एक घुसपैठिए को बीएसएफ की बाड़ की ओर आते देखा गया। बलों ने उसे मार गिराया और घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी।

## आधार के अभाव में किसी बच्चे को प्रवेश से वंचित नहीं किया जाए : धर्मेन्द्र प्रधान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने सोमवार को कहा कि आधार के अभाव में किसी भी बच्चे को प्रवेश एवं अन्य सुविधाओं से वंचित नहीं किया जाना चाहिए।

लोकसभा में शशि थरूर और सैयद इम्तियाज जलील के प्रश्न के लिखित उत्तर में शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने यह बात कही। सदस्यों ने पूछा था कि क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि प्रत्येक राज्य ने सरकारी विद्यालयों में दाखिले के उद्देश्य से बच्चों का आधार कार्ड प्रस्तुत करना अनिवार्य कर दिया है जो उनके शिक्षा के मौलिक अधिकार और उच्चतम न्यायालय के निर्णय का उल्लंघन है।

प्रधान ने कहा कि शिक्षा संविधान की समवर्ती सूची में है और अधिकांश स्कूल संबंधित राज्य और संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के दायरे में आते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा 5 सितंबर 2018 को जारी परिपत्र के अनुसार, आधार के अभाव में बच्चों को उनके उचित लाभों या अधिकारों से वंचित/अस्वीकृत नहीं किया जा सकता है।

शिक्षा मंत्री ने कहा, आधार के अभाव में किसी भी बच्चे को प्रवेश एवं अन्य सुविधाओं से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। प्रधान ने कहा कि स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग ने 29 नवंबर 2021 को जारी अधिसूचना में कहा कि यदि कोई बच्चा प्रमाणीकरण कराने या अधार संख्या के होने का प्रमाण प्रस्तुत करने में अपनी पहचान स्थापित करने में विफल रहता है तो किसी भी पात्र बच्चे को केंद्र प्रायोजित समग्र शिक्षा योजना के तहत लाभ से वंचित नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसमें यह भी कहा गया है कि जिस बच्चे को कोई आधार संख्या जारी नहीं की गई है, उसे नामांकन के लिए आवेदन प्रस्तुत करते हुए अन्य दस्तावेजों के आधार पर उसकी पहचान को प्रमाणित करके लाभ प्रदान किया जाएगा।

## आरपीएफ कांस्टेबल ने एएसआई और तीन यात्रियों को गोली मारी

**चलती ट्रेन में हत्या**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/वार्ता।** महाराष्ट्र में सोमवार की सुबह वापी और पालघर स्टेशनों के बीच एक सनसनीखेज घटना में मुंबई-जयपुर एक्सप्रेस ट्रेन में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के एक कांस्टेबल तीन यात्रियों और एक सहायक उप-निरीक्षक (एएसआई) की गोली मारकर हत्या कर दी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, एस्कॉर्ट ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबल चेतन कुमार ने अपने सर्विस रिवॉल्वर का इस्तेमाल करते हुए पहले अपने वरिष्ठ एएसआई टीका राम मीना को निशाना बनाकर उनकी हत्या कर दी। इसके बाद वह जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस ट्रेन के दूसरे डिब्बे में गया और तीन अन्य यात्रियों को गोलीमार दी जिससे उनकी मौत हो गयी।

घटना को अंजाम देकर आरोपी चेन खींचकर ट्रेन से भाग निकला लेकिन उसको पुलिस ने सरकारी रेलवे पुलिस और आरपीएफ अधिकारियों की सहायता से मीरा रोड पर पकड़ लिया। हालिया रिपोर्टों के अनुसार, आरोपी कांस्टेबल अवसाद में था और घटना से पहले उसका अपने वरिष्ठ अधिकारी से झगड़ा हुआ था।

## लालू प्रसाद के परिवार, उनसे 'संबंधित' कंपनियों की छह करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कहा कि कथित 'जमीन के बदले रेलवे में नौकरी' घोटाले में धनशोधन की जांच के तहत राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद के परिवार- उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटी मीसा भारती और संबंधित कंपनियों की छह करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति कुर्क की है। ईडी ने एक बयान में बताया कि धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत पटना, गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) में छह अचल संपत्तियों और दक्षिण दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी इलाके में डी-1088 स्थित चार मंजिला बंगले को कुर्क करने के लिए एक अनंतिम आदेश जारी किया गया है।

कुर्क की गई संपत्तियों में पटना के महुआबाग (दानापुर) स्थित दो भूखंड, जिनमें से एक का स्वामित्व बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और दूसरे का मालिकाना हक 'ए के इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड' (एक कंपनी जिसे प्रसाद के परिवार द्वारा नियंत्रित किया जाता है) के पास तथा पटना के बिहटा इलाके में राजद प्रमुख की सांसद बेटी मीसा भारती का एक भूखंड शामिल है।

## कर्नाटक से जयपुर जा रहा टमाटर से लदा ट्रक 'लापता'

**बेंगलूरु/भाषा।** कर्नाटक से जयपुर की ओर जा रहा टमाटर से लदा एक ट्रक लापता हो गया, जिसके बाद दक्षिणी राज्य से जुड़ी एक अन्य 'लूट' की आशंका जताई जा रही है। मौजूदा वक्त में देशभर में टमाटर के दाम बढ़े हुए हैं। पुलिस के मुताबिक, एक व्यापारी ने दावा किया कि जिला मुख्यालय कोलार से राजस्थान की राजधानी की ओर जा रहे उसके ट्रक में 11 टन टमाटर थे। पुलिस ने व्यापारी के हवाले से बताया कि जयपुर की ओर जाते वक्त रास्ते में उसका ट्रक के चालक व सफाईकर्मी से संपर्क टूट गया था।

पुलिस के मुताबिक, कोलार पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है, जिसमें व्यापारी ने आरोप लगाया है कि ट्रक में 21 लाख रुपये के टमाटर मौजूद थे। कोलार कृषि उपज बाजार समिति के प्रतिनिधियों ने टमाटर की कीमत 160 रुपये प्रति किलो बताई है। टमाटर को कोलार से ट्रक में भरा गया था।

शिकायत के मुताबिक, ट्रक 27 जुलाई को कोलार में स्थानीय मंडी से 750 क्रेट लादकर निकला था और उसे जयपुर की स्थानीय सब्जी मंडी में अपने गंतव्य पर पहुंचना था।

## खपत की मौजूदा रफ्तार नहीं थमी तो करीब 50 साल में खत्म हो जाएंगे कच्चे तेल के भंडार



**नई दिल्ली/भाषा।** विश्व भर में पेट्रोलियम उत्पादों की खपत अगर मौजूदा दर से जारी रही तो अगले करीब 50 साल में कच्चे तेल के भंडार समाप्त हो जाएंगे। हालांकि, भारत सहित कई देश इसे देखते हुए स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों के विकास और उनके इस्तेमाल एवं इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने की दिशा में जोर दे रहे हैं।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री रामेश्वर तेली ने कहा, एनर्जी इंस्टीट्यूट (ईआई) स्टेटिस्टीकल रिव्यू ऑफ वर्ल्ड एनर्जी- 2023 में प्रकाशित वर्तमान भंडार और उत्पादन अनुपात के अनुसार अनुमान है कि कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के भंडार उनके इस्तेमाल की दरों में परिवर्तन नहीं होने की स्थिति में क्रमशः 53.5 वर्ष तथा 48.8 वर्ष तक चलेंगे। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर सरकारें जैव ईंधनों, संपीडित जैव गैस, हरित हाइड्रोजन सहित स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों के विकास और उनके इस्तेमाल तथा हाइड्रोकार्बनों को प्रतिस्थापित करने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों आदि को अपनाने की दिशा में काम कर रही हैं।

उन्होंने एक सवाल के लिखित जवाब में राज्यसभा को यह जानकारी दी। उनसे सवाल किया गया था कि क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि अगर पेट्रोलियम का मौजूदा उत्पादन इसी स्तर पर जारी रहा तो वैश्विक पेट्रोलियम भंडार अगले 50 साल में समाप्त हो जाएंगे?

## गो फर्स्ट 15.5 लाख यात्रियों को लौटाएगा 597 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने यात्रा के लिए टिकट खरीदने वाले करीब 15.5 लाख यात्रियों को 597.54 करोड़ रुपए वापस करने की याचिका पर सोमवार को गो फर्स्ट के कर्जदाताओं की समिति तथा दिवाला व ऋण शोधन अक्षमता बोर्ड को नोटिस जारी किया। संकटग्रस्त गो फर्स्ट के समाधान पेशेवर (आरपी) ने यात्रियों को पैसे वापस करने की अनुमति मांगने के लिए एनसीएलटी का रुख किया है। गो फर्स्ट ने अपनी विमान सेवाएं तीन मई को बंद कर दी थी, जबकि कुछ यात्रियों ने 10 जुलाई तक के लिए एयरलाइन की टिकट खरीदी थीं। समाधान पेशेवर का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता रामजी श्रीनिवासन ने कहा कि यह बंद पड़ी एयरलाइन को बहार करने की व्यावसायिक योजना के तहत किया जा रहा है। एनसीएलटी की पीठ ने कहा कि ऐसी व्यवसाय योजना की व्यवहार्यता तथा क्रियान्वयन ऋणदाताओं की समिति (सीओसी) के सदस्यों के सुझावों के तहत होनी चाहिए।

### मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

#### वायरल का बुखार

हो रहा आज वायरल कुछ भी,
सच और झूठ को बिन जाने।
धूर्तों का बन गया सबल यंत्र,
कर रहे स्वार्थ हित को पाने।
कट पेस्ट और फारवर्ड करे,
सोशल मिडिया के दीवाने।
कितना घातक यह खेल बना,
हम सारे इससे अनजाने।



# संगठन में छुपा है सफलता का राज : साध्वी भव्यगुणाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के सिमंधरस्वामी राजेंद्रसूरी मंदिर संघ मामुलपेट के तत्वावधान में राजेन्द्र भवन में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वीश्री भव्यगुणाश्रीजी ने कहा कि संगठन में छुपा है सफलता का राज, संगठित रहने पर हर मुश्किल होती है आसान। संगठन में शक्ति होती है इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए।

संगठित होने पर भी कोई भी कार्य आसानी से किया जा सकता है और कठिन से कठिन लक्ष्य भी हासिल हो सकता है। जो संगठित रहता है उसका महत्व कायम रहता है और अकेले रहने वाला बिखराव का शिकार हो जाता है। उन्होंने कहा कि संगठित होने पर एक रस्सी हाथी को बांध सकती है वहीं बिखराव होने पर शक्तिशाली भी पराजय का सामना करता है। परिवार हो या समाज हमेशा संगठित रहने की जरूरत है। जो परिवार संगठित रहता है उसके मध्य प्रेम व स्नेह की धारा प्रवाहित रहती है। संगठित होने पर ही जीवन में अपने लक्ष्य की प्राप्ति कर सकते है।

साध्वी शीतलगुणाश्रीजी ने कहा कि अलगाव हमेशा दुःखदायी होता है और संगठित रहने वाले को सुखों की प्राप्ति होती है। हम जीवन में खुशियां चाहते है तो संगठित रहना होगा। हमारे परिवार में कोई अलगाव पैदा करने की कोशिश करें तो उसे हतोत्साहित करना होगा। संगठित रहने पर हम अपना हर लक्ष्य हासिल कर सकते है। संगठन का अर्थ एकता से होता है। जहां एकता होती है वहीं शक्ति व ताकत होती है। परिवार के सदस्यों में एकता होगी तो परिवार तेजी से प्रगति करेगा। इसके विपरीत सदस्यों में एकता नहीं होने पर बिखराव होकर परिवार कमजोर होगा। उन्होंने कहा कि संगठन तोड़ने में कुछ पल लगते है लेकिन संगठन कायम करने के लिए कठिन मेहनत करनी पड़ती है। नेमीचंद वेदमुथा ने बताया कि 6 अगस्त को सूर्य ग्रह जाप अनुष्ठान आराधना होगी। मांगीलाल वेदमुथा ने कार्यक्रम का संचालन किया। मेघराज भंसाली, चंपालाल बंदामुथा, तिलोकचंद भंडारी, कांतिलाल गांधीमुथा, पारस भंसाली, दिलीप कांकरिया आदि उपस्थित रहे। आरती का लाभ दिलीप कांकरिया ने लिया।

# मृत्यु के बाद केवल पुण्यकर्म ही साथी हैं : साध्वी तत्वत्रयाश्री



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के महालक्ष्मी लेआउट स्थित चिंतामणि पार्श्वनाथ जैन मंदिर में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वीश्री तत्वत्रयाश्रीजी ने कहा कि जिन स्वजनों के लिए स्वजन प्रेम से, स्वजनमोह से प्रेरित होकर जीव पाप करता है अथवा अपने स्वार्थ से स्वजनों के साथ राग-द्वेष करता है, वे स्वजन पत्नी, पुत्र, भाई, बहन, मित्र वगैरह जीव की मृत्यु के बाद परलोक में साथ नहीं चलते। जिन स्वजनों के कारण जीव पाप करता है, दुष्कर्म करता है, वे स्वजन, जब पापों के फल जीव को भोगने पड़ते हैं, तब दुःख बँटाते नहीं हैं। यह बात अच्छी तरह समझनी चाहिये

मृत्यु के बाद सारे रिश्ते समाप्त। स्वजन और परिजनों का स्नेह-संबंध, आदान-प्रदान वगैरह तब तक रहता है, जब तक मृत्यु नहीं आती। मृत्यु का शोक अल्पकालीन ही है। प्रियजन की मृत्यु के बाद, स्वजन-विरह की व्यथा-वेदना प्रायः अल्पकाल रहती है। दान-पुण्य बहुत कम करते हैं, भोगोपभोग ही ज्यादा करते हैं । शुभाशुभ कर्म ही साथ चलते हैं। मृत्यु के बाद स्नेही स्वजन, परिजन नहीं अपितु अच्छे कार्य हमारा साथ जाते है। शुभ कर्म परलोक में साथ चलते हैं, तो परलोक में जीव को सुख के साधन मिलते हैं। यह जानकारी जयंतीलाल श्री श्रीमाल ने दी



# मैसूरु में नवनिर्मित समता भवन का हुआ उद्घाटन, लाभार्थियों का सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। साधुमार्गी जैन संघ मैसूर द्वारा निर्मित समता भवन का उद्घाटन हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ के संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौतमचन्द रांका मुम्बई, महामंत्री निशचल कांकरिया, नवनिर्वाचित अध्यक्ष नरेन्द्र गांधी जावद, समता महिला मंडल की राष्ट्रीय अध्यक्षा पुष्पा मेहता, समता युवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमित बंब, राष्ट्रीय महामंत्री संदीप पारख, शांतिलाल सांड, कमल सिपानी, विमल सिपानी, बेंगलूरु अध्यक्ष धर्मचंद बंबकी एवं स्थानीय स्थानकवासी जैन संघ अध्यक्ष सुभाष धोका सहित मूर्तिपूजक व तेरापंथ संघ के सदस्य उपस्थित थे। समता भवन के उद्घाटन समारोह के लाभार्थी हस्तीमल सुरेशकुमार परिवार द्वारा उदघाटन किया गया।

मुख्य प्रवचन हाल के लाभार्थी श्रीमाल परिवार का सम्मान किया गया।अनिल पोरवाड़, जसवंत गन्ना, नेमीचंद श्रीमाल ने लाभार्थियों का सम्मान किया। सुशील नंदावत व महेश नहाटा ने संचालन किया। इस अवसर पर दक परिवार ने अखिल भारतवर्षिय साधुमार्गी जैन संघ की शिखर सदस्य की स्वीकृति प्रदान की।

# प्रभु के हृदय में पदार्पण से पाप कर्म नष्ट हो जाते है : साध्वी संस्कारनिधि



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के राजस्थान जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ जयनगर के तत्वावधान में चातुर्मास विराजित साध्वीश्री संस्कारनिधिश्रीजी ने कहा कि श्रद्धा की गाय को अपने हृदय आंगन में बांधिए, उससे आपको धर्म स्वरूप दूध मिलेगा। शुभ भावना के दिव्य पात्र में उस दुग्ध को रखकर जमाइये, उसका मंथन कीजिए, तपाइए तब जाकर आपको प्रज्ञा, विवेक, ज्ञान, वैराग्य के नवनीत का निर्माण होगा। प्रभु को हम हमारे हृदय में पधारने का आमंत्रण देते हैं, तो प्रभु अवश्य पधारते हैं और हमारे हृदय में वास करते हैं । प्रभु हमें आत्म गुणों की पुष्टि और दोषों की शुद्धि की भेंट देते हैं। प्रभु के हृदय में पदार्पण से पाप कर्म नष्ट हो जाते हैं। प्रभु हमारी प्रार्थना सुनते हैं लेकिन इसके लिए तीन शर्तें है, हमारी प्रार्थना में स्वार्थ की दुर्गंध न हो, उसमें श्रद्धा का संगीत हो और परोपकार की सुगंध हो। ऐसा होने पर प्रभु हमारी प्रार्थना सुनकर हमारी रक्षा करने में विलंब नहीं करते।

## संत दर्शन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



कामधेनु गौशाला बेंगलूरु की सदस्याओं ने अक्कीपेट में विराजित साध्वीश्री प्रतिभाश्रीजी के दर्शन किए तथा आचार्य आनंदऋषिजी व साध्वी चरित्रप्रभाजी की जयंती पर संतद्वय के गुणों को स्मरण किया। इस मौके पर मासखमण तपस्वी ऋषभ भलगट के तप की अनुमोदना की। इस मौके पर गौशाला की चेयरपर्सन शारदा चौधरी, अध्यक्ष पुष्पा बोहरा, महामंत्री नंदा मेहता, उपाध्यक्ष प्रभा जैन, ममता राजवति सहित अनेक सदस्याएं उपस्थित थीं।



# कुछ नया करने के लिए आराम जोन से बाहर निकलना जरूरी : आचार्य महेन्द्रसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

राणीबेन्नूर। शहर के सुमतिनाथ जैन श्वेताम्बर मूतिपूजक संघ में चातुर्मासार्थ विराजित आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीजी ने कहा कि दुनिया में कोई भी बड़े लक्ष्य को हासिल करने के लिए दो सबसे बड़ी बाधा होती है। आपका दोस्त और रिश्तेदार। मजाक उड़ाने का डर भी तो यहीं से होता है। अजान कुछ भी बोले कोई फक्र नहीं पड़ता परन्तु अपने मित्र व रिश्तेदारों से मजाक का डर बड़े काम करने से रोकता है। हमें ऐसे दोस्त बनाना चाहिए तो हमें गलत होने पर अच्छा करने के लिए प्रोत्साहित करे और उपलब्धि होने पर साथ दे। हर व्यक्ति में कुछ न कुछ करने की क्षमता अवश्य है बस आवश्यकता है कि हमें अपने आराम क्षेत्र से निकल कर कुछ करने की। महान लोग हमेशा कुछ नया नए तरीके से करते है।

# 'काया से पुण्य करना है कायापुण्य'



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के शांतिनाथ जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ ट्रस्ट के तत्वावधान में एलएनपुरम स्थित समणी भवन के प्रांगण में चातुर्मासार्थ विराजित मुनिश्री राजपद्मसागरजी कहा कि काया का सदुपयोग करने से अगले भव में अच्छी काया मिलती है। आठवा पुण्य है काया पुण्य। काया से पुण्य का करना है कायापुण्य। कांच के कुंभ के समान हमारी काया होती है नीचे गिरी और टूट जाती है। शरीर में कब रोग आज जाए पता नहीं चलता। हमारी इन्द्रिया कब बंद हो जाए इसलिए काया का सदुपयोग कर लेना चाहिए। आंख का उपयोग प्रभु दर्शन, गुरुदर्शन में, जुबान का उपयोग प्रभु की भक्ति, गुणगान व स्तुति में तथा हाथ सुपात्र दान में उपयोग करना चाहिए।

मुनि श्री श्रमणपद्मसागरजी ने कहा कि जिस प्रकार से कोई व्यक्ति का अच्छे से परिचय होता है, तो उसके प्रति अहोभाव बढ़ता है, वैसे ही अरिहंत परमात्मा के परिचय से श्रद्धा, विश्वास और भक्ति भावों में अभिवृद्धि होती है।

# मणिपुर में महिलाओं के खिलाफ हिंसा अभूतपूर्व, अन्य राज्यों के मामलों पर विचार नहीं : न्यायालय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को मणिपुर में महिलाओं के खिलाफ हुई हिंसा को अभूतपूर्व करार दिया और पश्चिम बंगाल, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और केरल जैसे विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्यों में इसी तरह की कथित घटनाओं को लेकर दायर याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया।

मणिपुर में जातीय हिंसा से संबंधित विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई करने वाली शीर्ष अदालत को अधिवक्ता बांसुरी स्वराज ने बताया कि पश्चिम बंगाल में महिलाओं के खिलाफ हिंसा की घटनाओं पर भी विचार करने की जरूरत है और जो तंत्र विकसित करने की मांग की गई है उसे अन्य राज्यों में भी लागू किया जाना चाहिए।

बांसुरी ने कहा, भारत की बेटियों को सुरक्षित रखने की जरूरत है। मई में मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने की भयावह घटना सामने आने के बाद बंगाल एवं छत्तीसगढ़ में भी ऐसी ही घटनाएं हुईं। अधिवक्ता ने कहा, एक वीडियो सामने आया जिसमें भीड़ ने एक पंचायत चुनाव उम्मीदवार को निर्वस्त्र कर दिया और उसे हावड़ा जिले (पश्चिम बंगाल में) के एक गांव में घुमाया। पंचायत चुनाव में हुई हिंसा के दौरान एक अन्य उम्मीदवार को भी निर्वस्त्र कर घुमाया गया। कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई। उन्होंने कहा, महिलाओं के खिलाफ अपराध पूरे देश में होते हैं। यह हमारी सामाजिक वास्तविकता का हिस्सा है। वर्तमान में, हम एक ऐसी स्थिति से निपट रहे हैं जो अभूतपूर्व है और मुख्य रूप से महिलाओं के खिलाफ अपराध एवं हिंसा से संबंधित है।

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, मणिपुर में...... सांप्रदायिक और जातीय हिंसा की स्थिति है। इसलिए हम जो कह रहे हैं वह यह है कि इसमें कोई दो राय नहीं कि पश्चिम बंगाल में भी महिलाओं के खिलाफ अपराध हो रहे हैं। पीठ ने कहा कि वर्तमान में, वह मणिपुर से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है।



# तपस्या जीवन का श्रृंगार है : साध्वी प्रतिभाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

राणीबेन्नूर। शहर के सुमतिनाथ जैन श्वेताम्बर मूतिपूजक संघ में चातुर्मासार्थ विराजित आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीजी ने कहा कि दुनिया में कोई भी बड़े लक्ष्य को हासिल करने के लिए दो सबसे बड़ी बाधा होती है। आपका दोस्त और रिश्तेदार। मजाक उड़ाने का डर भी तो यहीं से होता है। अजान कुछ भी बोले कोई फक्र नहीं पड़ता परन्तु अपने मित्र व रिश्तेदारों से मजाक का डर बड़े काम करने से रोकता है। हमें ऐसे दोस्त बनाना चाहिए तो हमें गलत होने पर अच्छा करने के लिए प्रोत्साहित करे और उपलब्धि होने पर साथ दे। हर व्यक्ति में कुछ न कुछ करने की क्षमता अवश्य है बस आवश्यकता है कि हमें अपने आराम क्षेत्र से निकल कर कुछ करने की। महान लोग हमेशा कुछ नया नए तरीके से करते है।

बेंगलूरु। शहर के वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ अक्कीपेट के तत्वावधान में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वी डॉ प्रतिभाश्रीजी ने कहा कि दुख से भयभीत होना कायरता की निशानी है और पाप से भयभीत होना यह धार्मिक होने की निशानी है। व्यक्ति जीवन में सिर्फ और सिर्फ सुख चाहता है लेकिन जैसे ही दुख आते हैं वह दूसरों को अपने दुखों के लिए दोषी ठहराता है। हमारे यहां पर भगवान ने दो प्रकार के धर्म बताया है आगार धर्म यानी की श्रावक का धर्म। श्रावक एक व्रत धारी भी हो सकता हैं और 12 व्रत धारी भी हो सकता है। श्रावक मर्यादित जीवन जीता है। अहिंसा में धर्म मानता है। देव गुरु और धर्म के प्रति रोम-रोम में श्रद्धा रखता है। हमारे यहां शास्त्रों में कुमारपाल राजा का वर्णन आता है जो 18 देशों का राजा था। लेकिन धर्म के प्रति रोम-रोम में श्रद्धा थी। जैसे ही परमात्मा के वचनों को सुना और कुमारपाल राजा ने चिंतन किया और उन्हें अपने जीवन में आत्मसात कर लिया। श्रावक का मार्ग छूट का मार्ग है। श्रावक छोटे-छोटे वर्तों को ग्रहण कर सकता है। जो व्यक्ति पाप करता है उसका पाप का घड़ा कभी न कभी फूट ही जाता है, इसलिए हमें मर्यादा से ही जीवन जीना चाहिए ।

रविवार को आचार्य आनंदऋषिजी महाराज के गुणगान करते हुए महासतीजी ने कहा कि आचार्यश्री ऐसी पुण्यात्मा थी जिसको आज भी दुनिया याद करती है। वे मानवता के मसीहा थे। उन्होंने तीस वर्ष तक आचार्य पद को सुशोभित किया। उनके प्रति लोगों के रोम-रोम में श्रद्धा और भक्ति भावना है। उन्होंने अपना पूरा जीवन विनय और समर्पण के साथ जिया। साध्वी चरित्रप्रभाजी के गुणों को याद करते हुए महासतीजी ने कहा कि साध्वीश्री एक महान साध्वी थीं।

राजस्थान के मारवाड़ और मेवाड़ के लोगों के बीच उनका नाम आते ही लोगों के सिर श्रद्धा से झुक जाते हैं। साध्वी प्रियांगीश्रीजी ने कहा कि हमें अपने जीवन में सद्गुणों को ग्रहण करना है तो दुर्गुण को छोड़ना होगा, तो ही अपने जीवन को सफल एवं सार्थक बना सकते हैं। साध्वीश्री ऋषिताश्रीजी ने चातुर्मास संबंधी सूचनाएं प्रदान की। रविवार को राजाजीनगर के युवा ऋषभ भलगट ने मासक्षमण यानी तीस उपवास के प्रत्याख्यान ग्रहण किए। सहमंत्री विनोद भूरट ने संचालन किया।



# कंकुचोपड़ा भाईपा परिवार का द्वितीय सम्मेलन अगले वर्ष, तैयारियां शुरु

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के एक होटल में कंकु चोपडा भाईपा परिवार का द्वितीय सम्मेलन के आयोजन हेतु शंखनाद हुआ। बैठक में वर्ष 2024 के स्नेह मिलन के सम्पूर्ण लाभार्थी के रूप में सुरेशकुमार, गोतमचंद, राजेन्द्रकुमार, जितेंद्रकुमार चौपड़ा परिवार की घोषणा हुई। स्नेह मिलन आगामी वर्ष में 14 जनवरी को नेलमंगला स्थित धर्मश्री रिसॉर्ट मे आयोजित किया जाएगा। भाईपा परिवार के सहसचिव ताराचंद चोपड़ा ने संघ की निर्देशिका छपवाने हेतु सुझाव एवं योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में विस्तार से चर्चा करते हुए प्रत्येक सदस्य ने सहयोग की स्वीकृति दी। संघ के सचिव डूंगरमल चोपड़ा ने गत वर्ष हुए सम्मेलन के बारे में जानकारी देते हुए सराहना की। गत वर्ष के आय व्यय का लेका जोखा अशोककुमार चोपड़ा ने प्रस्तुत किया। कपूरचंद चोपड़ा ने सभी को धन्यवाद दिया।

## प्रधानमंत्री मोदी को लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से आज सम्मानित किया जाएगा



**पुणे (महाराष्ट्र)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को पुणे का दौरा करेंगे और इस दौरान वह विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। इसके साथ ही उन्हें लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित भी किया जाएगा। पुणे पहुंचने के बाद मोदी दगडूशेठ मंदिर में पूजा-अर्चना भी करेंगे। पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री को सुबह 11 बजकर 45 मिनट पर लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। लोकमान्य तिलक की विरासत का सम्मान करने के लिए 1983 में तिलक स्मारक मंदिर ट्रस्ट द्वारा इस पुरस्कार की शुरुआत की गई थी।

# भुगतान उपकरणों के लिए भी पीएलआई योजना लाए सरकार : पेटीएम संस्थापक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**नई दिल्ली/भाषा।** डिजिटल भुगतान मंच पेटीएम का संचालन करने वाली वित्त प्रौद्योगिकी कंपनी वन97 कम्यूनिकेशंस के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विजय शेखर शर्मा ने सरकार से भुगतान उपकरणों को भी उत्पादन-संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के दायरे में लाने की मांग की है। पेटीएम के संस्थापक शर्मा ने सोमवार को भुगतान 'साउंडबॉक्स' के दो नए मॉडल पेश करते हुए कहा कि भारत सेवा क्षेत्र के दबदबे वाली अर्थव्यवस्था है और रोजगार सृजन के लिए यहां पर विनिर्माण की दिशा में आगे बढ़ने की जरूरत है। डिजिटल भुगतान की पुष्टि के संदेश 'साउंडबॉक्स' उपकरण पर सुनाई देते हैं। दुकानदारों को 'साउंडबॉक्स' से पता चल जाता है कि उन्हें भुगतान राशि मिल गई है।

शर्मा ने कहा कि पेटीएम ने घरेलू स्तर पर भी भुगतान 'साउंडबॉक्स' का उत्पादन शुरू कर दिया है जबकि आयातित उत्पाद की तुलना में इस पर अधिक कर लगता है। उन्होंने कहा कि डिजिटल भुगतान से जुड़े सॉफ्टवेयर का विकास देश में ही होता है लेकिन इससे संबंधित उपकरणों को चीन से आयात करने से देश प्रौद्योगिकी का पूरा लाभ उठाने से वंचित रह जा रहा है। शर्मा ने कहा, जब 'साउंडबॉक्स' को विदेश से मंगाया जाता है तो उस पर कोई शुल्क नहीं लगता है लेकिन हमें घरेलू उत्पादन पर शुल्क देना पड़ता है। मेरा सरकार से अनुरोध है कि भुगतान से संबंधित उपकरणों के लिए भी पीएलआई योजना की घोषणा की जाए।

## अप्रैल-मई में 14,302 करोड़ रुपए की जीएसटी चोरी का पता चला, 28 लोग गिरफ्तार: सरकार

**नई दिल्ली/भाषा।** चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीनों में 14,302 करोड़ रुपए की जीएसटी चोरी के 2,784 मामले पकड़े गए, जबकि इस अवधि के दौरान 5,716 करोड़ रुपए की कर वसूली की गई। सरकार ने सोमवार को लोकसभा को सूचित किया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) और आयकर चोरी का तथा सीमाशुल्क विभाग द्वारा तस्करी के मामलों का पता लगाने का ब्योरा दिया।

आंकड़ों के अनुसार 2020-21 से 2023-24 (अप्रैल-मई) के बीच 43,516 मामलों में 2.68 लाख करोड़ रुपए की जीएसटी कर चोरी का पता चला। इस अवधि के दौरान 76,333 करोड़ रुपए की वसूली की गई, वहीं 1,020 लोगों को गिरफ्तार किया गया। मंत्री के जवाब के अनुसार चालू वित्त वर्ष (अप्रैल-मई) में 14,302 करोड़ रुपए की जीएसटी चोरी के 2,784 मामलों का पता चला। इस अवधि में 28 लोगों को गिरफ्तार किया और 5,716 करोड़ रुपए जब्त किए गए।

# इंश्योरेंस के पैसे लेने के लिए रची लूट की नकली वारदात

## फिल्म स्टाइल में बनाई आभूषण लूटमार की प्लानिंग, साजिशकर्ता गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। गत 12 जुलाई को कॉटनपेट पुलिस थाने में नगरथपेट के केसर ज्वेलर्स के मालिक राज जैन ने पुलिस में करीब 4 करोड़ रुपए मूल्य के लगभग 3 किलो स्वर्ण आभूषण की लूटमार की घटना की शिकायत दर्ज कराई थी जो कि बिल्कुल झूठी निकली। पुलिस ने बताया कि कुछ दिन पहले राज जैन ने अपने घर से कॉटनपेट पुलिस थाने में फोन करके इस घटना की सूचना दी थी। राज ने बताया था कि गत12 जुलाई की रात में नगरथपेट स्थित उनकी केसर ज्वेलर्स से उनका एक परिजन व एक दुकान का आदमी करीब 3 किलो स्वर्ण आभूषण एक बैग में रखकर मागड़ी रोड स्थित मालिक राज के घर के लिए निकले थे, जहां रास्ते में केआर मार्केट ओवरब्रिज पर दो लोगों ने उन्हें रोककर उनके पास दो पहिया वाहन पर रखा सोने के आभूषणों से भरा बैग लेकर चम्पत हो गए। पुलिस ने लूटमार की शिकायत दर्ज कर जांच शुरु कर दी।



कॉटनपेट पुलिस ने स्पेशल टीम बनाई तथा विभिन्न दृष्टिकोण से घटना की जांच की। पुलिस ने जब सीसीटीवी की फुटेज देखी तो दुकान के दोनों लड़के बैग में आभूषण रखते हुए साफ दिखाई दे रहे है तथा ब्रिज पर चढ़ने व उतरने वाले प्वाइन्ट पर लगे कैमरे में दोनों लड़के साफ दिखाई दे रहे है। पुलिस ने जब घटना स्थल अर्थात मैसूरु रोड फ्लाई ओवर ब्रिज का वह क्षेत्र जहां कथित लूटमार हुई होगी का दौरा किया तो पुलिस को उस क्षेत्र में कोई सीसीटीवी फुटेज नहीं मिला। फुटेज के बाद पुलिस ने केसर ज्वेलर्स के मालिक राज व दोनों लड़कों के मोबाइल की लोकेशन व कॉल रिकार्ड की जांच की तो उन्हें कुछ शक हुआ। शक के आधार पर पुलिस ने जांच शुरु की तब पता चला कि जब जब पुलिस ने लड़कों से पूछताछ की है तब तब तुरंत राज जैन ने अपने लड़कों को फोन किया तथा लम्बे अंतराल तक बात की। पुलिस का शक और गहराता गया तथा पुलिस ने मोबाइल लोकेशन का पता लगाया तथा सारी बात सामने आ गई। पुलिस ने राज को गिरफ्तार कर सख्ती से पूछताछ की तो पता चला कि इंश्योरेन्स के पैसे लेने के चक्कर में यह नकली लूट को अंजाम दिया गया। पुलिस ने अन्य दो लोगों को भी हिरासत में लिया है।

राज ने पुलिस को बताया कि उसने ही अपने दोनों लड़कों को इस चोरी की ट्रेनिंग दी थी ताकि चोरी की घटना की आड़ में इंश्योरेन्स का पैसा प्राप्त कर सके। उसने बताया कि इस घटना को अंजाम देने के लिए उसने बहुत पहले से तैयारी कर रखी थी तथा कई बार इस घटना का रिहर्सल भी किया ताकि घटना में कोई गलती न हो। उसने बताया कि दुकान में आभूषण इस तरह पैक किए ताकि सीसीटीवी में दिखाई दें तथा फिर ब्रिज के आने व जाने के प्वाइंट पर भी लड़कों की पहचान हो सके।

उसने बताया कि घटना स्थल पर सीसीटीवी न होने के कारण उनके लड़कों ने सोने के आभूषणों से भरा बैग खाली कर बिना आभूषण का बैग घटना स्थल पर फैंक कर जाना भी प्लानिंग का हिस्सा ही था। पुलिस आयुक्त बी. दयानंद ने बताया कि राज ने लूट की झूठी शिकायत करने की बात कबूल ली है।

## नकली नोट के साथ तीन गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कॉटनपेट पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 500 रुपए के 1307 नकली नोट जब्त किए हैं। पुलिस ने तमिलनाडु मूल के सर्वन्ना (25) को गिरफ्तार किया है साथ ही अन्य दो केरल मूल के नीतिन और देवन को भी गिरफ्तार किया है। यह लोग अन्य राज्यों से नकली नोट लाते थे और बेंगलूरु के बिजी क्षेत्र मैजेस्टिक, सिटी मार्केट, चिकपेट आदि क्षेत्रों में नोट चलाते थे। यह लोग इंस्टाग्राम के माध्यम से एक दूसरे के सम्पर्क में रहते थे। पुलिस को सर्वन्ना से पता चला है कि वह बिहार जाकर वहां से नकली नोट लाते थे। 25 हजार रुपए में एक लाख रुपए के नकली नोट वह पटना से लाते थे। इन लोगों ने केरल, आन्ध्रप्रदेश और कर्नाटक में लगभग दस लाख रुपए के नकली नोट चला चुके हैं। पुलिस इनके मुख्य स्रोत बिहार के उस आदमी गैंग की खोज में जुट गई हैं जो इन्हें खोटा नोटों की आपूर्ति करता है।

## मामूली बात को लेकर हुए झगड़े में दोस्त की गई जान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तिलकनगर पुलिस थाना क्षेत्र में दो दोस्तों के बीच मामूली सी बात को लेकर हुई लड़ाई में एक दोस्त की हत्या हो गई वहीं दूसरे ने अपने आप को पुलिस के हवाले कर दिया। दो नेपाली दोस्त तिलकनगर में एक कमरे में रहते हैं जहां मोटर साइकिल की चाबी को लेकर सिद्दराजू और तिलक के बीच रविवार को झगड़ा हो गया। दोनों के बीच एक मोटर साइकिल थी जो उसके मालिक ने उन्हें काम पर जाने के लिए दी थी। निजी कम्पनी में काम करने वाले यह दोनों रविवार को अपने पसर्नल काम निपटाते थे। रविवार को सिद्दराजू ने तिलक से बाइक की चाबी मांगी जिसको लेकर उसने मना कर दिया। बात बढ़ गई गुस्से में तिलक ने वहां रखे कुकर से सिद्दराजू के सिर पर मारा। सिद्दराजू ने प्रतिक्रिया करते हुए वहां रखे चाकू से तिलक पर वार किया जिससे तिलक की मौत हो गई। आधे घंटे के बाद सिद्दराजू ने तिलकनगर पुलिस थाने में जाकर पूरी घटना की जानकारी दी और पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया।

## टोल से बचने के लिए बस का खतरनाक यू-टर्न

बेंगलूरु। टोल नाका गेट से बचने के लिए, केएसआरटीसी बस के चालक ने बिड़दी के पास बेंगलूरु-मैसूरु रोड पर लापरवाही से यू-टर्न ले लिया, जिससे यात्रियों की जान को गंभीर खतरा हो गया। इस घटना से यात्रियों में आक्रोश फैल गया और अधिकारियों का ध्यान इस ओर गया।

बस का पीछा कर रहे मोटर चालकों द्वारा कैप्चर किए गए वीडियो फुटेज में वह खतरनाक क्षण दिखाई देता है जब ड्राइवर ने टोल बूथ को बायपास करने के लिए अवैध पैंतरेबाज़ी करने का फैसला किया।

## डीके शिवकुमार की याचिका पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने आय से अधिक संपत्ति मामले में उनके खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी को चुनौती देने वाली उपमुख्यमंत्री और राज्य कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार की याचिका पर सोमवार को सुनवाई पूरी कर ली। सुनवाई समाप्त करने वाले न्यायमूर्ति के नटराजन ने सीबीआई को दो दिनों के भीतर केस डायरी अदालत में जमा करने का भी निर्देश दिया और अदालत का फैसला सुरक्षित रख लिया। सीबीआई ने आरोप लगाया है कि शिवकुमार ने वर्ष 2013 से 2018 के बीच आय से अधिक संपत्ति अर्जित की। एफआईआर 3 सितंबर, 2020 को सीबीआई द्वारा दर्ज की गई थी। शिवकुमार ने 2021 में एफआईआर को उच्च न्यायालय में चुनौती दी। आयकर विभाग ने 2017 में शिवकुमार के कार्यालयों और आवास पर तलाशी और जब्ती अभियान चलाया था। इसके आधार पर, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उनके खिलाफ अपनी जांच शुरू की। ईडी की जांच के आधार पर, सीबीआई ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए राज्य सरकार से मंजूरी मांगी। राज्य सरकार द्वारा 25 सितंबर, 2019 को मंजूरी दी गई और एक साल बाद एफआईआर दर्ज की गई। शिवकुमार ने राज्य द्वारा दी गई मंजूरी को एक अलग याचिका में चुनौती दी थी जिसे पहले उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया था।

## कांग्रेस नेतृत्व लोकसभा चुनाव को लेकर कर्नाटक के मंत्रियों और नेताओं से मिलेगा : शिवकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस नेतृत्व ने राज्य के मंत्रियों और पार्टी नेताओं से दो अगस्त को दिल्ली में मुलाकात करने का फैसला किया है, ताकि 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिये रणनीतिक कार्ययोजना तैयार की जा सके। इस बैठक का इसलिये महत्व है, क्योंकि यह पार्टी के भीतर असंतोष की खबरों के बीच होने वाली है। करीब 30 विधायकों ने कथित तौर पर मुख्यमंत्री सिद्दरामैया और पार्टी नेतृत्व को पत्र लिखकर उनके निर्वाचन क्षेत्रों में विकास कार्य नहीं होने और कई मंत्रियों की कार्यशैली को लेकर शिकायत की है। राज्य के नेताओं के दो अगस्त को दिल्ली जाने के सवाल पर शिवकुमार ने कहा, हां, हमारा राजनीतिक एजेंडा है, हमें संसदीय चुनाव की कार्ययोजना को अंतिम रूप देना है। मैं संसदीय चुनाव और टिकट बंटवारे की प्रक्रिया के लिए सभी नेताओं की जिम्मेदारी तय करना चाहता हूं।

उन्होंने संवाददाताओं से कहा, प्रत्याशियों का चयन कैसे किया जाना है, क्या किसी मंत्री या विधायक को मैदान में उतारना है, किसे क्या जिम्मेदारी दी जाए इन सब के लिए हमें मानदंड तैयार करने हैं और इसलिए उन्होंने(पार्टी नेतृत्व ने) सभी वरिष्ठ नेताओं को बुलाया है।

शिवकुमार ने कहा, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी नेता राहुल गांधी, महासचिव (संगठन) के सी वेणुगोपाल और रणदीप सिंह सुरजेवाला उन नेताओं में शामिल हैं, जिनके दिल्ली में होने वाली बैठक में हिस्सा लेने की उम्मीद है। जब शिवकुमार से पूछा गया कि क्या यह बैठक पार्टी में असंतोष के बाद बुलाई गई है, क्योंकि कुछ नेता खुश नहीं हैं तो उन्होंने कहा कि पार्टी में कोई असंतोष नहीं है और कुछ विधायकों ने केवल पार्टी विधायक दल की बैठक बुलाने की मांग की थी, जो पिछले सप्ताह संपन्न हुई। उन्होंने कहा, कुछ नेताओं ने पार्टी विधायक दल (सीएलपी) की बैठक बुलाने का अनुरोध किया था, क्योंकि इससे पहले जब सीएलपी की बैठक बुलाई गई थी, तो उसी समय 'इंडिया' गठबंधन में शामिल विपक्षी दलों के नेता बेंगलूरु में बैठक के लिए आए थे और इसकी वजह से सीएलपी की बैठक स्थगित कर दी गई थी। उन्होंने बताया कि दो अगस्त की बैठक के बाद मुख्यमंत्री और वह खुद सभी जिलों के नेताओं की बैठक बुलाएंगे और उनके मुद्दों का समाधान करेंगे।

कई विधायकों के बारे में कहा जा रहा है कि उन्होंने शिकायत की है कि वे अपने निर्वाचन क्षेत्रों में काम नहीं करा पा रहे हैं और उनके अनुरोध के अनुसार (सरकारी कर्मचारियों के) स्थानांतरण की अनुमति नहीं दी जा रही है। उक्त विधायकों ने कुछ मंत्रियों की कार्यशैली की शिकायत भी की है और आरोप लगाया है कि वे सहयोग नहीं कर रहे हैं।

### प्रदर्शन




उडुप्पी में निजी कॉलेज के शौचालय में निजी वीडियो की कथित रिकॉर्डिंग की निंदा करते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को मंगलूरु में विरोध प्रदर्शन किया और इस संबंध में विस्तृत जांच का आग्रह किया।

## तिरूपति के लड्डुओं के लिए केएमएफ घी की आपूर्ति नहीं कर रहा, कहा

# केएमएफ कीमत से समझौता नहीं कर सकता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। केएमएफ के अध्यक्ष भीमा नाइक ने कहा है कि कर्नाटक मिल्क फेडरेशन अब आंध्र प्रदेश के प्रसिद्ध तिरुमाला वेंकटेश्वर मंदिर में प्रसाद के रूप में दिए जाने वाले प्रसिद्ध लड्डु बनाने के लिए 'नंदिनी' ब्रांड के घी की आपूर्ति नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि केएमएफ, जो नंदिनी ब्रांड नाम के तहत अपने उत्पाद बेचता है और अपनी गुणवत्ता के लिए जाना जाता है, कीमत पर समझौता नहीं कर सकता और इसलिए उसने तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी), ट्रस्ट की आवश्यकता के अनुसार निविदा प्रक्रिया में भाग नहीं लिया।

केएमएफ कई वर्षों से टीटीडी को घी की आपूर्ति कर रहा है और सूत्रों के मुताबिक, ट्रस्ट ने कई बार कहा था कि केएमएफ घी के कारण लड्डु का स्वाद बेहतर होता है। नाइक ने रविवार को नंदिनी दूध की कीमतों में वृद्धि के बारे में मीडिया से बात कर रहे थे, जब उन्होंने टीटीडी मुद्दे का उल्लेख किया। कर्नाटक कैबिनेट ने 27 जुलाई को केएमएफ द्वारा अपने नंदिनी दूध की बिक्री कीमतों में तीन रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी। नई कीमतें 1 अगस्त से लागू होंगी। उन्होंने आगे कहा कि कई वर्षों से, केएमएफ घी का उपयोग तिरूपति लड्डू के लिए किया जाता था। मेरा मानना है कि कोई भी अन्य घी नंदिनी घी की गुणवत्ता के सामने टिक नहीं सकता; हमारे ग्राहकों ने हमें यह 100 प्रतिशत प्रमाणीकरण दिया है।

यहां पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि लगभग एक साल पहले उन्होंने (टीटीडी) एक निविदा बुलाई थी और हमें निविदा में भाग लेने के लिए कहा था। हम प्रतिस्पर्धी दर पर घी नहीं दे सकते, क्योंकि ई-खरीद टेंडर में जो सबसे कम दर देगा, उसे ही घी मिलेगा। आगे उन्होंने कहा कि लेकिन हमारा रेट तय है। हमने कहा कि हम अपनी दर पर घी की आपूर्ति करेंगे, लेकिन उन्होंने (टीटीडी) कहा कि वे इतनी राशि नहीं देंगे। इसलिए हम आपूर्ति नहीं कर रहे हैं।

यह देखते हुए कि वर्तमान आपूर्तिकर्ता केएमएफ की तुलना में बहुत कम दर पर टीटीडी को घी की आपूर्ति कर रहा है, नाइक ने कहा कि यह हमारी तुलना में कम गुणवत्ता का हो सकता है, लेकिन उन्होंने भी परीक्षण किया होगा क्योंकि उनके पास भी प्रयोगशालाएं हैं। यह कहते हुए कि केएमएफ घी की बहुत अधिक मांग है।

# भारत में पहली बार होने जा रहा है विश्व कॉफी सम्मेलन

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। भारत में पहली बार विश्व कॉफी सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। वैश्विक कार्यक्रम का पांचवां संस्करण 25 से 28 सितंबर तक बेंगलूरु के शहर सिलिकॉन वैली में आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम भारतीय कॉफी बोर्ड, केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, कर्नाटक सरकार और कॉफी उद्योग के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय कॉफी संगठन (आईसीओ) द्वारा आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजकों ने टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना को ब्रांड एंबेसडर के रूप में नियुक्त किया है। इस संस्करण के सम्मेलन का विषय सर्कुलर अर्थव्यवस्था और पुनर्योजी कृषि के माध्यम से स्थिरता है। कॉफी बोर्ड ऑफ इंडिया के सीईओ और सचिव डॉ. केजी जगदीश ने कहा कि डब्ल्यूसीसी 2023 का आयोजन एशिया में पहली बार किया जा रहा है और इससे भारत में कॉफी किसानों को अत्यधिक लाभ होगा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन वैश्विक मंच पर भारत की कॉफी को बढ़ावा देकर इन किसानों के लिए नए अवसर और बाजार तैयार करेगा।

जगदीश ने कहा, कुल मिलाकर, डब्ल्यूसीसी 2023 वैश्विक कॉफी क्षेत्र, विशेष रूप से भारतीय कॉफी उद्योग के लिए बड़ी संभावनाएं रखता है, जो दुनिया के सामने अपनी समृद्ध कॉफी विरासत



को प्रदर्शित करते हुए, विकास और टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा देगा। डब्ल्यूसीसी 2023 के ब्रांड एंबेसडर बनने पर बोपन्ना ने कहा कि उनका जीवन एक अद्वितीय मिश्रण है, जो एक कॉफी बागान मालिक के पुत्र और एक पेशेवर टेनिस खिलाड़ी होने के दायरे को जोड़ता है।

उन्होंने कहा, कुर्ग के कॉफी बागानों की प्राकृतिक सुंदरता के बीच बड़े होते हुए, मैंने अपने टेनिस करियर को आगे बढ़ाते हुए कॉफी के साथ एक गहरा संबंध बनाया है और मैं गर्व से इन दो दुनियाओं के सामंजस्य का प्रतिनिधित्व करता हूं। मैं प्रतिष्ठित डब्ल्यूसीसी 2023 का हिस्सा बनकर रोमांचित और गौरवान्वित हूं। जैसा कि भारत ने खुद को एक समृद्ध कॉफी गंतव्य के रूप में स्थापित किया है। इस आयोजन के माध्यम से हमारे तेजी से बढ़ते कॉफी उद्योग के भीतर विकास और सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। इस कार्यक्रम में कुछ प्रमुख प्रायोजक प्रतिनिधि शामिल होंगे, जिनमें कॉन्टिनेंटल कॉफी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक चल्ला श्रीशांत, टाटा कॉफी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ चाको पुरक्कल थॉमस, एसएलएन कॉफी प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक एन सथप्पन, नेस्ले इंडिया लिमिटेड के कॉफी और पेय व्यवसाय दक्षिण एशिया क्षेत्र के निदेशक सुनयन मित्रा हैं। डब्ल्यूसीसी 2023 प्रतिभागियों की एक प्रभावशाली श्रृंखला की मेजबानी करेगा, जिसमें आईसीओ सदस्य देश के प्रतिनिधि, कॉफ़ी उत्पादक, कॉफ़ी रोस्टर, कॉफ़ी क्यूरर्स, फ़ार्म टू कप इंडस्ट्री, कैफ़े मालिक, कॉफ़ी नेशंस, नीति निर्माता, स्टार्ट-अप और विद्यार्थी शामिल होंगे। यह कार्यक्रम कॉफी उद्योग में स्थिरता और नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित करेगा।



## एनएमडीसी ने ग्राहक पोर्टल और उत्पाद ब्रोशर का शुभारंभ किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। दिग्गज लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी ने अपने प्रधान कार्यालय में ग्राहक पोर्टल 'दर्पण' लॉन्च किया। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार) अमिताभ मुखर्जी ने निदेशक (उत्पादन) डीके मोहंती, निदेशक (वाणिज्य) विश्वनाथ सुरेश और कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में इसका शुभारंभ किया गया। 'दर्पण' अपने ग्राहकों के लिए तेजी से और सुचारु लेनदेन की सुविधा प्रदान करने, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने में एक ही स्थल पर समाधान (वन स्टॉप सोल्यूशन) उपलब्ध कराएगा। इस अवसर पर अमिताभ मुखर्जी ने कहा, 'दर्पण पोर्टल हमारे ग्राहकों के साथ जुड़ने का एक उत्कृष्ट अवसर है। पोर्टल की मदद से, वे अब लॉग इन करके एक ही टच प्वाइंट से अपना अनुरोध कर सकते हैं अथवा प्रतिक्रिया दे सकते हैं।

' डीके मोहंती ने कहा, 'एनएमडीसी ग्राहक पोर्टल व्यावसायिक प्रक्रियाओं को तेज़ करने और ग्राहकों को डिलिवरेबल्स की पहचान करने और ट्रैक करने में सहयोग प्रदान करने के लिए आदर्श मंच होगा, जो निश्चित रूप से हमारे प्रचालन में दक्षता बढ़ाएगा।' विश्वनाथ सुरेश ने कहा, 'एनएमडीसी एक पारदर्शी पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है।

## कर्नाटक में 'जिहादी सरकार' कर रही शासन : नलिन कटील

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



दक्षिण कन्नड़ (कर्नाटक)। कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष नलिन कुमार कटील ने आरोप लगाया कि राज्य में कांग्रेस सरकार के सत्ता में आने के बाद जिहादी तत्वों ने राज्य में अपना बदसूरत सिर उठाया है। उन्होंने कहा, संदेह है कि राज्य में कांग्रेस सरकार शासन कर रही है या 'जिहादी सरकार'। उडुप्पी कॉलेज के एक टॉयलेट में मुस्लिम छात्राओं द्वारा हिंदू लड़कियों के फिल्मांकन की निंदा करने और व्यापक जांच की मांग को लेकर शुरू किए गए आंदोलन में भाग लेने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कतील ने कहा कि सिद्दरामैया के सीएम बनने के बाद राज्य में हिंदू विरोधी नीति लागू हो गई है।

उन्होंने कहा, सिद्दरामैया सरकार पीएफआई से जुड़े आतंकवादियों को रिहा कर रही है। इसलिए, सीएम सिद्दरामैया एक राष्ट्र-विरोधी और आतंकवाद समर्थक सीएम बन गए हैं। राज्य में अराजकता है। सरकार राज्य में कानून व्यवस्था बनाए रखने में विफल रही है। सिर्फ सीएम ही नहीं, बल्कि गृहमंत्री भी फेल हैं। गृहमंत्री इसे बच्चों का खेल करार दे रहे हैं। उडुप्पी की घटना अकेली घटना नहीं है, बल्कि छह से सात बार ऐसा हो चुका है। पुलिस विभाग मामले को दबा रहा है।

कटील ने बताया कि सिद्दरामैया सरकार में वीडियो बनाने वालों को जेल भेजने की हिम्मत नहीं है. उन्होंने कहा, इसमें हत्यारों को जेल भेजने का साहस भी नहीं है।

### बेंगलूरु हवाईअड्डा मामला

## एआईएक्स कनेक्ट ने प्रबंधक को ड्यूटी से हटाया, राज्यपाल से मांगी माफी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। एअर इंडिया की सहयोगी कंपनी एआईएक्स कनेक्ट ने पिछले सप्ताह कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत को विमान में सवार होने की अनुमति नहीं देने की घटना के बाद बेंगलूरु हवाईअड्डे पर तैनात अपने प्रबंधक को ड्यूटी से हटा दिया है। एक सूत्र ने सोमवार को यह जानकारी दी। सूत्र ने नाम नहीं जाहिर करने की शर्त पर बताया कि विमानन कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने सोमवार को बेंगलूरु में राज्यपाल से मुलाकात की। अधिकारियों ने राज्यपाल को स्थिति और उठाए गए कदम के बारे में अवगत कराया और घटना के लिए माफी भी मांगी।

कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत को 27 जुलाई को कथित तौर पर 'देर' से पहुंचने की वजह से एआईएक्स कनेक्ट के विमान में सवार होने की अनुमति नहीं दी गई, जिसके बाद राज्यपाल कार्यालय ने बेंगलूरु हवाईअड्डा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। एआईएक्स कनेक्ट को पूर्व में एअर एशिया इंडिया के नाम से जाना जाता था और यह एअर इंडिया समूह का हिस्सा है। सूत्र ने सोमवार को बताया कि घटना के समय तैनात विमानन कंपनी के हवाईअड्डा प्रबंधक को तत्काल ड्यूटी से हटा दिया गया था और मामले की जांच चल रही है। विमानन कंपनी ने 28 जुलाई को घटना पर खेद प्रकट किया था और बताया था कि मामले की जांच की जा रही है। घटना के बाद राज्यपाल के प्रोटोकॉल अधिकारी एम. वेणुगोपाल ने 'प्रोटोकॉल के उल्लंघन' की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के मुताबिक गहलोत को 27 जुलाई को दोपहर 2.05 बजे एआईएक्स कनेक्ट की उड़ान से हैदराबाद जाना था। शिकायत में कहा गया, इसी हिसाब से राज्यपाल दोपहर 1.10 बजे राज भवन से निकले और टर्मिनल-1 के वीआईपी लाउंज में दोपहर 1.35 बजे पहुंच गये।

## आरटीआई कार्यकर्ता लिंगाराजू की हत्या : उच्चतम न्यायालय ने नोटिस जारी किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय कर्नाटक उच्च न्यायालय के एक आदेश को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की उस याचिका पर सुनवाई करने के लिए सोमवार को सहमत हो गया, जिसमें सूचना का अधिकार (आरटीआई) कार्यकर्ता और 'महा प्रचंड' अखबार के संपादक लिंगाराजू की हत्या के सभी 12 आरोपियों को ठोस साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया था।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने मामले में बरी किए गए लोगों को नोटिस जारी किये और उनसे जवाब मांगा। राज्य की ओर से मामले में पेश अतिरिक्त महाधिवक्ता अमन पंवार और अधिवक्ता वी एन रघुपति पेश हुए। कर्नाटक सरकार ने आरोपियों को बरी करने के उच्च न्यायालय के चार नवंबर, 2022 के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया है। लिंगाराजू पर 20 नवंबर 2012 को उनके घर के पास तीन हथियारबंद लोगों ने उस समय हमला किया था जब वह एक सार्वजनिक नल से पानी भर रहे थे। लिंगाराजू की पत्नी उमा देवी घटना के दिन अपने पति के साथ थीं। उन्होंने शिकायत दर्ज कराई और संदिग्ध के रूप में बृहत बेंगलूरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) के पूर्व पार्षद गोविंदराजू का नाम लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि गोविंदराजू को अपने घर पर लोकायुक्त छापे में लिंगाराजू का हाथ होने का संदेह था और वह उनके प्रति द्वेष रखते थे। पुलिस ने 12 आरोपियों - रंगास्वामी, आर शंकर, राघवेंद्र, गोविंदराजू, गौरम्मा (गोविंदराजू की पत्नी), चंद्रा, शंकर, उमाशंकर, वेलु, लोगनाथ, जहीर और सुरेश के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया।



# छात्रा को पेशाब पिलाने पर लुहारिया गांव में उपद्रव, दो समुदायों में पथराव, पुलिस ने संभाला मोर्चा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

भीलवाड़ा। राजस्थान में भीलवाड़ा जिले के राजकीय सीनियर हायर सेकेंडरी स्कूल में तीन दिन पहले एक छात्रा को पानी में पेशाब मिलाकर पिलाने और बैग में आई लव यू का लेटर रखने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। शुक्रवार की इस घटना को लेकर आज लुहारिया गांव में दो पक्ष के लोग आमने-सामने हो गए। दोनों पक्षों में विवाद के चलते पथराव भी हुआ। उपद्रव में मौके पर पहुंची पुलिस जीप के शीशे भी तोड़ दिए गए। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने बल प्रयोग भी किया। गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को लुहारिया गांव की राजकीय सीनियर हायर सेकेंडरी स्कूल में पढ़ने वाली एक छात्रा ने शिकायत की है कि वह लंच में अपने घर चली गई थी। बैग स्कूल में था। बैग में रखी पानी की बोतल में कुछ लड़कों ने पेशाब मिला दिया और बैग में एक लव लेटर भी रखा मिला। पानी पीते हुए उसे दुर्गंध आने पर उसने इसकी शिकायत प्रिंसिपल से की। प्रिंसिपल ने मामले में कोई कार्रवाई नहीं की तो सोमवार को स्कूल खुलने पर आक्रोशित लोगों ने तहसीलदार लुहारिया पुलिस चौकी इंचार्ज और स्कूल के प्रिंसिपल से शिकायत की। जब कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो इन लोगों ने समुदाय विशेष के मोहल्ले में घुसकर पथराव किया। पुलिस ने लाठीचार्ज कर भीड़ को तितर-बितर किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम शर्मा ने बताया कि अभी तक छात्रा की ओर से पुलिस में कोई मामला दर्ज नहीं करवाया गया है। पुलिस समुदाय विशेष के मोहल्ले में घुसने और पथराव करने वाले लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई करेगी।

अभी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम शर्मा भारी पुलिस बल के साथ लुहारियाँ गांव में तैनात है। माहौल खराब होने की सूचना पर एएसपी, डीएसपी, एसएचओ सहित आस-पास के थानों व पुलिस लाइन से अतिरिक्त पुलिस बल लुहारिया पहुंच गया। फिल्हाल स्थिति नियंत्रण में बताई गई है।

## ट्रक की चपेट में आने से दो कांवड़ियों की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com


जयपुर। राजस्थान के अजमेर जिले के नसीराबाद सदर थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार ट्रक ने रविवार शाम को तीन कांवड़ियों को कुचल दिया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि हादसे में दो कावंडियों की मौत हो गई जबकि एक अन्य उपचाराधीन है।

थानाधिकारी रोशनलाल सामरिया ने सोमवार को बताया कि झडवासा गांव के पास रविवार शाम को तेज रफ्तार ट्रक ने तीन कावड़ियों को कुचल दिया जिसमें से दो की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया।

उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान मुकेश (23) और मोहित (24) के रूप में की गई है। समरिया ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिये गये। इस संबंध में ट्रक चालक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

उन्होंने बताया कि ट्रक को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया गया एवं मामले की जांच की जा रही है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हादसे पर खेद जताते हुए कहा कि परिजनों की नियमानुसार आर्थिक मदद की जाएगी।

गहलोत ने ट्वीट किया, ''वाहन दुर्घटना में दो कांवड़ियों की मृत्यु व एक कांवड़िये के घायल होने का दुखद समाचार मिला। इस दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में मृत कांवड़ियों के परिजनों के साथ हमारी गहन संवेदनाएं हैं। घायल व्यक्ति के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। दोनों मृतकों के परिजनों को चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना से नियमानुसार सहायता राशि प्रदान की जाएगी।''




# लैंगिक असमानता, जलवायु परिवर्तन से जुड़ी चुनौतियों पर काम करें नागरिक संगठन : कलराज मिश्र

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने देश में विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी चुनौतियों पर भी ध्यान देने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि नागरिक समाज संगठनों को लैंगिक असमानता, सतत विकास, जलवायु परिवर्तन से जुड़ी चुनौतियों को दूर करने की दिशा में काम करना चाहिए। मिश्र सोमवार को जयपुर में जी-20 के सहभागी समूह सिविल-20 (सी-20) के तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन के समापन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। समारोह की अध्यक्षता आध्यात्मिक गुरु माता अमृतानंदमयी देवी 'अम्मा' ने की।

राज्यपाल ने कहा, भारतीय संस्कृति में प्रकृति पूजन की प्राचीन और अनूठी परंपरा है, जिसके प्रति जागरूकता लाने का काम बड़े पैमाने पर किया जाना चाहिए। जीव-जंतुओं के प्रति प्रेम-भाव रखते हुए आधुनिक पीढ़ी को उनके संरक्षण की लोक परंपराओं से जोड़े जाने की जरूरत है। एक बयान के मुताबिक, मिश्र ने कहा कि आर्थिक असमानता, लैंगिक विषमता को दूर करने और सतत विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जरूरी है कि मनुष्य एक-दूसरे के प्रति प्रेमभाव रखे।

उन्होंने कहा कि इन लक्ष्यों की प्राप्ति के उद्देश्य से देश की विकास योजनाओं और नीतियों को आम जन के अनुरूप ढालने में नागरिक संगठन अहम भूमिका निभा सकते हैं। राज्यपाल ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से विकास के रास्ते पर बढ़ा है। देश में सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और राष्ट्रीय मिशनों की शृंखला के मजबूत परिस्थितिकी तंत्र के तहत गरीबी और लैंगिक एवं आर्थिक असमानता को दूर करने के लिए प्रभावी योजनाएं लागू की गई हैं।

मिश्र ने सिविल-20 समूह की सराहना करते हुए इसे जी-20 देशों के आर्थिक और नागरिक हितों के बीच संतुलन स्थापित करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि 'अम्मा' ने जी-20 के विषय 'वसुधैव कुटुंबकम' को सही मायने में चरितार्थ किया है।

कार्यक्रम में राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा, प्राकृतिक संसाधनों के बेतहाशा दोहन से उपजे हालात के परिणाम जलवायु परिवर्तन के रूप में सामने आ रहे हैं। विषम जलवायु का सबसे अधिक दुष्प्रभाव महिलाओं, बच्चों, गरीबों और कमजोर वर्ग को झेलना पड़ता है। उन्होंने प्राकृतिक संसाधनों के संयमित और न्यायसंगत इस्तेमाल के लिए सभी संस्कृतियों को साथ लेकर नीतियां बनाने पर जोर दिया।

वसुंधरा ने दुनिया के विभिन्न हिस्सों में जारी संघर्ष की तरफ इशारा करते हुए कहा, वर्तमान दौर युद्ध का नहीं है। समस्याओं का समाधान युद्ध से नहीं, संवाद और कूटनीति के माध्यम से निकाला जाना चाहिए। कार्यक्रम में राज्यपाल मिश्र ने माता अमृतानंदमयी मठ की इंटरनेशनल ग्रासरूट सर्वे रिपोर्ट-2023 भी जारी की।



# ईआरसीपी से तेरह जिलों में जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध राज्य सरकार : गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य के तेरह जिलों में आमजन और किसानों के लिए पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा है कि राज्य सरकार इससे तेरह जिलों में जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। गहलोत से सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर ईआरसीपी संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल के मुलाकात करने पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि इस योजना से राजस्थान के एक बड़े क्षेत्र में पेयजल व सिंचाई के लिए जलापूर्ति आपूर्ति सुनिश्चित होगी। केंद्र सरकार को शीघ्र ही ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करनी चाहिए। अनावश्यक देरी से परियोजना की लागत बढ़ेगी और क्षेत्रवासी परियोजना के लाभ से वंचित होंगे।

इस अवसर पर गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा दिलाने के लिए केंद्र सरकार से लगातार मांग की जा रही है। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय परियोजना घोषित नहीं किए जाने पर राज्य सरकार द्वारा बजट प्रावधान कर प्रथम चरण के कार्य शुरू करा दिए गए है।

मुख्यमंत्री ने संयुक्त मोर्चा के ज्ञापन का संज्ञान लेते हुए शीघ्र परीक्षण कराकर समाधान कराने के लिए आश्वस्त किया। प्रतिनिधिमंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि ईआरसीपी को राष्ट्रीय दर्जा दिलाए जाने के लिए जन आंदोलन और जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व सांसद पंडित रामकिशन, जिला परिषद सदस्य मोहना गुर्जर, किसान नेता इंदल सिंह जाट, संयुक्त मोर्चा अध्यक्ष जवान सिंह, महासचिव पवन भजाक सहित विभिन्न जिलों से पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की।

## कार हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

भीलवाड़ा। राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में बड़लियास थाना क्षेत्र के सवाईपुर कोटड़ी चौराहे के पास एक कार रोडवेज और मिनी बस से टकरा जाने के कारण एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई जबकि इतने ही घायल हो गए। थाना प्रभारी शिवचरण ने बताया कि क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 758 पर सवाईपुर कोटड़ी चौराहे के पास रविवार रात एक कार रोडवेज बस एवं मजदूरों को लेकर जा रही मिनी बस से टकरा गई।

हादसे में घायल छह लोगों को जिला चिकित्सालय ले जाया गया लेकिन तब तक संगीता (40) उसके पुत्र आर्यन (11) एवं अनुराग (सात) ने दम तोड़ दिया जबकि संगीता के पति बिजेश राठौड़ एवं उनकी पुत्री दिव्यांशी तथा एक अन्य विपिन को अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह परिवार अजमेर में विज्ञान नगर का रहने वाला हैं।

# नाबालिग बहनों से सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के अलवर जिले में दो नाबालिग बहनों के साथ कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किए जाने और उनके गर्भवती होने का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक, दोनों आरोपी पीड़ित किशोरियों के पिता के साथ ईंट के भट्टे पर काम करते हैं। अधिकारियों ने बताया कि पीड़ित लड़कियों के पिता ने शुक्रवार शाम को नेब थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई कि उसकी 15 साल और 13 साल की बेटियों के साथ दो लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया है। अधिकारियों के अनुसार, पिता ने प्राथमिकी में कहा कि मामला तब सामने आया, जब उसकी बड़ी बेटी ने पेट दर्द और अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की शिकायत की।

उन्होंने बताया कि लड़की के माता-पिता उसे एक डॉक्टर के पास ले गए, जहां उन्हें बच्ची के साढ़े सात महीने की गर्भवती होने का पता चला। पुलिस के अनुसार, जब परिवार ने इस बारे में पूछताछ की, तो लड़की ने सामूहिक दुष्कर्म की घटना बताई। उसने आरोप लगाया कि आरोपी सप्पी और सुभान ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। उसने यह भी खुलासा किया कि दोनों ने उसकी छोटी बहन के साथ भी यह कृत्य किया। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने घटना के बारे में किसी को बताने पर उसे जान से मारने की धमकी दी थी।

अलवर के पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा ने बताया कि इस संबंध में शुक्रवार शाम को नेब थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई और लड़कियों की मेडिकल जांच कराई गई, जिसमें दोनों गर्भवती मिलीं। उन्होंने बताया कि छोटी लड़की ढाई माह की गर्भवती है। नेब थाना प्रभारी अनिल जैन के अनुसार, पीड़त लड़कियों का परिवार ईंट भट्टे के पास रहता है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है और फिलहाल इस संबंध में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। इस बीच, बानसूर थाना क्षेत्र में भी एक नाबालिग लड़की के साथ दो लोगों द्वारा कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किए जाने की घटना सामने आई है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस संबंध में शुक्रवार को प्राथमिकी दर्ज की गई। उन्होंने कहा कि पीड़िता का आरोप है कि जब वह बृहस्पतिवार को स्कूल जा रही थी, तब दोनों आरोपियों ने उसे अगवा कर लिया और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस अधीक्षक के मुताबिक, पीड़िता ने बताया कि आरोपियों ने घटना का वीडियो भी बनाया और उसके साथ हुए कृत्य के बारे में किसी को भी बताने पर वीडियो को सोशल मीडिया पर प्रसारित करने की धमकी दी।



# राजस्थान में 2422 करोड़ रुपए की लागत से 1514 गांवों में बनेगी नवीन सड़कें

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर,। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि हर गांव-ढाणी को मजबूत सड़कों से जोड़ने का संकल्प साकार हो रहा है। इससे प्रदेश की विकास गति और अधिक बढ़ने के साथ नए आयाम स्थापित हुए हैं। राज्य सरकार दुर्घटना रहित सुरक्षित और सुगम सफर के लिए उच्च गुणवत्तापूर्ण सड़कों का जाल बिछा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचने वाले पर्यटकों के साथ ही पूरे देश में राजस्थान की मजबूत सड़कों की सराहना हो रही है। गहलोत ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास से 2422 करोड़ रुपए की लागत से 1514 राजस्व गांवों की नवीन डामर सड़कों के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। उन्होंने कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े प्रदेशवासियों को सम्बोधित किया। गहलोत ने कहा कि किसी भी प्रदेश और गांवों के विकास में सड़कों की अहम भूमिका होती है। सार्वजनिक निर्माण और अन्य विभागों ने मिलकर इस दिशा में बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारा है। आज राजस्थान मजबूत सड़क तंत्र में अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है। इसमें निर्माणकर्ता ठेकेदारों की भी अहम भूमिका रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने 1 लाख कि.मी. से अधिक सडकों का विकास कराने का लक्ष्य रखा है। इसमें अभी तक 65 हजार कि.मी. में सड़कों का विकास हो चुका है।




# कार्ययोजना के अनुसार सभी तैयारियां करें पूर्ण : कसेरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राज्य में बुनकर, हथकरघा, खादी क्षेत्र के उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की ओर से 3 अगस्त से 7 अगस्त तक जवाहर कला केंद्र में नेशनल हैण्डलूम वीक का आयोजन होगा। आयोजन की तैयारियों की समीक्षा हेतु उद्योग भवन में आयुक्त ओम कसेरा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। पांच दिवसीय नेशनल हैण्डलूम वीक की तैयारियों की समीक्षा करते हुए आयुक्त कसेरा ने कहा कि आयोजन की जिम्मेदारी निभा रहे सभी संबंधित अधिकारी कार्य योजना के अनुरूप टीम भावना के साथ समयबद्ध रूप से तैयारियों को पूर्ण करें। उन्होंने 3 अगस्त से 7 अगस्त तक आयोजित होने वाली प्रदर्शनी की तैयारियों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि खादी बोर्ड, बुनकर संघ, रूडा, बुनकर सेवा केंद्र, उद्यम प्रोत्साहन संस्थान, राजस्थान राज्य हथकरघा विकास निगम सभी अपने गुणवत्तापूर्ण उत्पादों से आगंतुकों का परिचय करायें। उन्होंने आयोजन में 80 स्टॉल की जानकारी लेकर इन्हें लगाए जाने की तैयारियों को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। कसेरा ने राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित होने वाले फैशन शो की तैयारियों की समीक्षा करते हुए भारतीय शिल्प संस्थान एवं संबंधित संस्थानों को निर्देश प्रदान किए की शो की सभी तैयारियां समय से पूर्ण करें।

आयुक्त कसेरा ने थीम पैवेलियन की तैयारियों की समीक्षा की और निर्देश प्रदान किए कि पैवेलियन में प्रदर्शित किए जाने वाले सभी हथकरघों के साथ एक मास्टर बुनकर एवं एक सहायक होना सुनिश्चित किया जाए, ताकि वह आगंतुकों को इस तकनीकी के बारे में समझा सकें। उन्होंने हथकरघों पर प्रतिदिन लाइव डेमो सुविधा को सुनिश्चित करने निर्देश प्रदान किये। उन्होंने बायर सेलर मीट के संबंध में निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि यह आयोजन प्रदेश के हस्तशिल्पयों, बुनकरों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, इस आयोजन से खादी एवं हथकरघा उत्पादों की बिक्री बढ़ाने हेतु उत्पादकों को नवीन अवसर मिलेंगे।

## 'नहीं सहेगा राजस्थान' अभियान के तहत भाजयुमो ने वाहन रैली निकाली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अलवर। राजस्थान के अलवर में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) द्वारा नहीं सहेगा राजस्थान अभियान के तहत आज वाहन रैली निकाली गई। जिला अध्यक्ष तरूण जैन ने बताया की रैली जगन्नाथ मंदिर से प्रारंभ होकर शहर की विभिन्न स्थानो से होती हुई पर अशोका सर्किल पर समापन किया गया जिसमें कार्यकर्ता अपने हाथों में राज्य सरकार के खिलाफ नारे लिखी तख्तियां और पार्टी के झंडे लिए हुए थे. लोगों को सरकार के खिलाफ पर्चे भी बांटे।

जिला मंत्री अमित कश्मीरी ने बताया की राज्य सरकार के पेपर लीक, महिलाओं एवं बच्चियों से दुष्कर्म, दलितों पर अत्याचार, किसानों से कर्ज माफी का झूठा वादा समेत विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरा 1 अगस्त को राजधानी जयपुर में सचिवालय का घेराव होगा। विधानसभा संयोजक लखन जोशी ने बताया कि नहीं सहेगा राजस्थान अभियान के तहत इस प्रदर्शन में अलवर जिले से हजारों की संख्या में लोग जुटाए जाएंगे।

## सड़क हादसे में महिला कांस्टेबल की मौत

जयपुर/दक्षिण भारत। जयपुर में निवारू पुलिया पर रविवार देर रात एक सड़क हादसे में एक महिला कांस्टेबल की मौत हो गई और एक पुलिस उपनिरीक्षक (एसआई) घायल हो गया। पुलिस के अनुसार कांस्टेबल बबीता रविवार को ड्यूटी खत्म होने के बाद घर लौट रही थीं। बबीता के घर के पास ही एसआई सज्ञन सिंह का भी घर बन रहा है और वह भी बबीता के साथ उनकी कार में जा रहे थे। कार सज्ञन सिंह चला रहे थे।

दुर्घटना थाना (पश्चिम) के थानाधिकारी नारायण सिंह ने कहा कि कार एक अज्ञात वाहन से टकरा गई, जिससे बबीता और सज्ञन सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया जहां बबीता को मृत घोषित कर दिया गया जबकि सज्जन सिंह को आईसीयू में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद बबीता का शव उनके परिवार वालों को सौंप दिया गया। पुलिस ने बताया कि कांस्टेबल बबीता यहां दुर्घटना थाना (पश्चिम) में तैनात थी।

## एएमयू में स्थाई कुलपति की नियुक्ति नहीं होने के खिलाफ छात्रों ने किया प्रदर्शन

**अलीगढ़ (उप्र)/भाषा।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) में स्थाई कुलपति की नियुक्ति में हो रहे 'विलम्ब' से नाराज छात्रों ने सोमवार को परिसर में विरोध प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपकर राष्ट्रपति से कुलपति की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू करने की गुजारिश की।

सूत्रों ने बताया कि छात्रों ने आज दोपहर परिसर में पदयात्रा की और विश्वविद्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी को राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में राष्ट्रपति और एएमयू की विजिटर द्रौपदी मुर्मू से आग्रह किया गया कि वे विश्वविद्यालय में कुलपति के पद पर स्थाई नियुक्ति के लिए जरूरी प्रक्रिया शुरू करें। एएमयू के कुलपति प्रोफेसर तारिक मंसूर ने इसी साल जून में अपने सेवा विस्तार की अवधि पूरी होने से पहले ही अप्रैल में पद से इस्तीफा दे दिया था। उसके बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उन्हें विधान परिषद सदस्य बनाया था। मंसूर के त्यागपत्र के बाद प्रोफेसर मोहम्मद गुलरेज को कार्यवाहक कुलपति नियुक्त किया गया था। छात्रों द्वारा दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि एक स्थाई कुलपति की गैरमौजूदगी की वजह से विश्वविद्यालय के काम पर असर पड़ रहा है क्योंकि कई महत्वपूर्ण निर्णय सिर्फ स्थाई कुलपति के स्तर से ही लिए जा सकते हैं।

## बाराबंकी : धर्मांतरण मामले में पति-पत्नी गिरफ्तार

**बाराबंकी (उप्र)/भाषा।** बाराबंकी जिले के हैदरगढ़ थाना क्षेत्र के ठठराही मोहल्ले में ग्रामीणों का कथित तौर पर बहला-फुसला कर धर्मांतरण कराने के आरोप में एक दंपति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि ईसाई धर्म में धर्मांतरण कराने के आरोप में लखनऊ के जानकीपुरम थाना क्षेत्र के निवासी हरेन्द्र सिंह व उसकी पत्नी प्रिया सिंह को रविवार को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से धर्मांतरण से सम्बन्धित ईसाई साहित्य बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि हैदरगढ़ के मोहल्ला ठठराही में धर्मांतरण कराने की शिकायत पर हैदरगढ़ थाने की पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों के खिलाफ उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम-2021 के तहत मामला पंजीकृत किया गया है। पुलिस के अनुसार हरेन्द्र सिंह व उसकी पत्नी प्रिया सिंह हैदरगढ़ में तीन साल से किराए के मकान में रहकर बहला फुसलाकर ग्रामीणों का कथित धर्मांतरण करा रहे थे। उसने बताया कि धर्मांतरण संबंधी गतिविधि की सूचना पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विजय हिंदुस्तानी व भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस जब मौके पर पहुंची तब कमरे में क्षेत्र की दो युवतियों समेत तीन लोग मौजूद थे। पुलिस ने मकान से भारी मात्रा में ईसाई समुदाय के ग्रंथ व साहित्य बरामद किए हैं। कमरे में प्रार्थना सभा के साथ ईसाई धर्म से संबंधित क्रियाकलाप किए जा रहे थे।

## कानपुर में दसवीं के नाबालिग छात्र ने चाकू मारकर सहपाठी की हत्या की

**कानपुर (उप्र)/भाषा।** कानपुर के बिधनू थाना क्षेत्र के गोपालपुरी स्थित एक निजी स्कूल में 10वीं कक्षा के 15 वर्षीय एक छात्र ने अपने सहपाठी की सोमवार को कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि अन्य सहपाठियों ने आरोपी किशोर को पकड़ लिया और आगे की कार्रवाई और पूछताछ के लिए उसे पुलिस को सौंप दिया। मृतक छात्र की पहचान गंगापुर कॉलोनी निवासी सतेंद्र तिवारी के इकलौते बेटे नीलेंद्र तिवारी (15) के रूप में की गई है। अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के बाद किशोर आरोपी को बाल सुधार गृह भेजा जाएगा।

## ओडिशा: निर्माणाधीन पुलिया गिरने से चार बच्चों समेत पांच की मौत

**रायगड़ा/भाषा।** ओडिशा के रायगड़ा जिले में सोमवार को एक निर्माणाधीन पुलिया गिर जाने से पांच लोगों की मौत हो गई, जिनमें चार बच्चे शामिल हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने घटना पर शोक प्रकट करते हुए मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। घटना कल्याणसिंहपुर प्रखंड के उपरसाजा गांव में उस समय घटी, जब ये लोग पुलिया के नीचे जमा हुए बारिश के पानी में नहा रहे थे और अचानक यह ढह गई। पुलिस ने बताया कि मृतकों में चार बच्चे शामिल हैं। शोक-संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए पटनायक ने एक बयान में कहा, घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ओडिशा के कानून मंत्री जगन्नाथ सराका और रायगड़ा के विधायक मकरंद मुदुली ने घटनास्थल का दौरा किया और पांच लोगों की मृत्यु पर शोक जताया। अधिकारी ने बताया कि दमकल कर्मियों और पुलिस कर्मियों के एक दल ने मलबा हटाया। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि पुलिया का निर्माण पूरा नहीं हुआ था, क्योंकि ठेकेदार ने निर्माण स्थल से अपने मजदूरों को हटा लिया था। उन्होंने दावा किया कि भारी बारिश के कारण पुलिया ढह गई।

## तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा की प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी



**बेंगलूरु/भाषा।** चोटिल होने के कारण पिछले लगभग एक साल से बाहर रहे तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने सोमवार को यहां केएससीए टी20 टूर्नामेंट का मैच खेल कर प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की। प्रसिद्ध ने माउंट ज्वाय क्रिकेट क्लब की तरफ से सर सैयद क्रिकेटर्स के खिलाफ चार ओवर में 36 रन देकर चार विकेट लिए।

यह राष्ट्रीय चयनकर्ताओं के लिए अच्छी खबर है जो जल्द ही आयरलैंड के सीमित ओवरों के दौरे और श्रीलंका में होने वाले एशिया कप के लिए टीम का चयन करने वाले हैं। इस तेज गेंदबाज से जुड़े सूत्रों ने कहा, प्रसिद्ध फिट है और दिन के इस प्रदर्शन से उसका आत्मविश्वास बढ़ेगा। वह राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में भी गेंदबाजी कर रहा था तथा हाल में उसने कुछ अन्य मैच की परिस्थितियों में गेंदबाजी की थी। वह एकदिवसीय मैचों में 10 ओवर का अपना कोटा पूरा करने में सक्षम है। भारत की तरफ से अब तक 11 वनडे खेलने वाले प्रसिद्ध ने राष्ट्रीय टीम की तरफ से अपना आखिरी मैच अगस्त 2022 में जिंबाब्वे के खिलाफ वनडे के रूप में खेला था।

# किसी के साथ अन्याय नहीं होने देंगे : योगी आदित्यनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गोरखपुर/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कमजोर लोगों को सताने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश देते हुए सोमवार को कहा कि सरकार किसी के साथ अन्याय नहीं होने देगी।

आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने एवं कमजोर लोगों को परेशान करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने के लिए संकल्पित है।

जनता दर्शन के संबंध में जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने करीब 400 लोगों से मुलाकात की।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने इलाज के लिए आर्थिक मदद मुहैया कराने का अनुरोध करने वाले लोगों को सरकार की ओर से सहायता किए जाने का आश्वासन दिया। उन्होंने अधिकारियों को राजस्व एवं पुलिस से जुड़े मामलों को पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश दिया।



## मणिपुर सरकार से दुनिया का सबसे ऊंचा राष्ट्रध्वज स्तंभ लगाने का प्रस्ताव मिला: सरकार

**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार ने सोमवार को बताया कि राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए दुनिया का सबसे ऊंचा ध्वज स्तंभ (पोल) इंफाल में स्थापित करने के लिए मणिपुर सरकार से प्रस्ताव मिला है।

केंद्रीय संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी ने लोकसभा में महबूब अली कैसर के प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी।

सदस्य ने पूछा था कि क्या सबसे ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज स्तंभों के मामले में भारत का नाम वैश्विक सांस्कृतिक मंच पर नहीं आता है। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा है तो क्या सरकार के पास दुनिया का सबसे ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज पोल स्थापित करने का कोई प्रस्ताव लंबित है।

रेड्डी ने जवाब में कहा कि राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए इंफाल में सबसे बड़ा ध्वज स्तंभ स्थापित करने का प्रस्ताव मणिपुर सरकार की ओर से मिला है। उन्होंने कहा कि मणिपुर सरकार से कहा गया है कि वह अपने प्रस्ताव पर पुन: विचार करे और संस्कृति मंत्रालय के विचारार्थ विस्तृत विवरण प्रस्तुत करे।

## सरकार मणिपुर को लेकर उदासीन, जवाब देने से बच रहे हैं प्रधानमंत्री : विपक्ष

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के घटक दलों ने मणिपुर के मुद्दे पर सोमवार को भी संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही बाधित रहने के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराया और आरोप लगाया कि पूर्वोत्तर के हिंसा प्रभावित राज्य को लेकर सरकार पूरी तरह से उदासीन है तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस मामले पर सदन के भीतर जवाब देने से भाग रहे हैं। विपक्षी सांसदों ने मानसून सत्र के पिछले कई दिनों की तरह सोमवार को भी लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा कराने और राज्यसभा में नियम 267 के तहत मणिपुर के मुद्दे पर चर्चा तथा प्रधानमंत्री मोदी के वक्तव्य की मांग जारी रखी। इसको लेकर गतिरोध बने रहने की वजह से दोनों सदनों की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल ने संसद में विधाई एजेंडा



को आगे बढ़ाने और अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा नहीं होने देने को लेकर सत्ता पक्ष की विपक्ष द्वारा की जा रही आलोचना को खारिज करते हुए सोमवार को कहा कि न तो नियम और न ही परिपाटी सत्तारूढ़ दल के लिए पहले बहुमत साबित करना अनिवार्य बनाती है।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने संवाददाताओं से कहा कि हर कोई जानता है कि सरकार के पास लोकसभा में दो तिहाई बहुमत है और संख्या बल इसके पक्ष में है। मणिपुर के दौरे से लौटे विपक्ष के सांसदों ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' (इंडिया) के घटक दलों के प्रमुख नेताओं को हिंसा प्रभावित राज्य की स्थिति से अवगत कराया। सांसदों के इस प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि सरकार मणिपुर की स्थिति को लेकर उदासीन है।

खरगे ने ट्वीट किया, मणिपुर उथल-पुथल का सामना कर रहा है लेकिन मोदी सरकार उदासीन दिखी। हमारे 'इंडिया' गठबंधन के सांसदों ने राज्य का दौरा करने के बाद वहां के लोगों से उनका दर्द सुना जो दिल दहलाने वाला है। उन्होंने दावा किया, चुनावी रैलियों, खुद का प्रचार करने के लिए ट्रेन का उद्घाटन करने और भाजपा की बैठकों में भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के पास समय है, लेकिन मणिपुर के लोगों की पीड़ा सुनने और पीड़ा का निदान करने या अंतर-सामुदायिक मुद्दों को हल करने की दिशा में काम करने के लिए उनके पास समय नहीं है। खरगे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार मणिपुर की स्थिति से निपटने में दिशाहीन प्रतीत होती है, जो संसद में एक व्यापक बयान के अभाव से स्पष्ट है।

## बंगाल: विपक्षी पंचायत उम्मीदवारों ने टीएमसी समर्थकों पर अपहरण का आरोप लगाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में पंचायत चुनाव जीतने वाले चार प्रत्याशियों ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के समर्थकों पर उनका अपहरण करने का आरोप लगाया। राज्य की सत्ताधारी पार्टी ने इन आरोपों से इनकार किया है।

कैनिंग पुरबा के टीएमसी विधायक शौकत मोल्ला ने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के तीन उम्मीदवार तथा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) (माकपा) समर्थित एक निर्दलीय उम्मीदवार ने तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने की इच्छा जताई थी। मोल्ला के अनुसार, चारों उम्मीदवार राज्य की ममता बनर्जी सरकार द्वारा की गई विकास पहलों से प्रभावित थे।

उम्मीदवारों के परिजनों ने आरोप लगाया था कि भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवार पूजा छतुई, कमला मंडल, सुशांत मंडल और मथुरापुर में कृष्णचंद्रपुर पंचायत के निर्दलीय उम्मीदवार नारायण हलदर बृहस्पतिवार को लापता हो गए।

इसके बाद सोशल मीडिया पर आए एक वीडियो में उन्होंने दावा कि वे सभी सुरक्षित हैं, सुंदरबन में एक स्थान पर रह रहे हैं और अगस्त के मध्य में पंचायत का बोर्ड गठित होने पर घर लौट आएंगे।

हालांकि, ये सभी रविवार को ही लौट आए। वापस आने के बाद उन्होंने संवाददाताओं को बताया कि उन सभी का अपहरण किया गया था और सुंदरबन में एक मकान में रखा गया था।

हलदर ने कहा, हमसे एक खाली पन्ने पर हस्ताक्षर कराए गए और पूर्व नियोजित वीडियो बनाने के लिए मजबूर किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि अपहरणकर्ताओं ने उन्हें शनिवार रात को छोड़ दिया था।

माकपा के वरिष्ठ नेता कांति गांगुली ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस चुनावों में बहुमत साबित नहीं कर सकी, ऐसे में उसने पंचायत का बोर्ड बनाने के लिए चार उम्मीदवारों का अपहरण किया लेकिन खुद को घिरता देख बाद में उसने उन्हें छोड़ दिया।



## भारत, मलावी के बीच बहुआयामी सहयोग के लिए दोनों देशों के बीच परस्पर संवाद आवश्यक : बिरला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को कहा कि भारत और मलावी के बीच सौहार्दपूर्ण और मैत्रीपूर्ण संबंध रहे हैं और दोनों देशों के बीच बहुआयामी सहयोग के लिए दोनों संसदों में परस्पर संवाद आवश्यक हैं।

लोकसभा अध्यक्ष ने मलावी की नेशनल असेंबली की स्पीकर कैथरीन गोटानी हारा के नेतृत्व में भारत यात्रा पर आए संसदीय प्रतिनिमंडल का संसद भवन में स्वागत करते हुए यह बात कही। लोकसभा सचिवालय के बयान के अनुसार, बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति लजारस मैकार्थी चकवेरा के नेतृत्व में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध और मजबूत हुए हैं। उन्होंने कहा, भारत और मलावी के बीच सौहार्दपूर्ण और मैत्रीपूर्ण संबंध रहे हैं और दोनों देशों के बीच बहुआयामी सहयोग के लिए दोनों संसदों में परस्पर संवाद आवश्यक है। मलावी में जून, 2020 में राष्ट्रपति के निर्वाचन के बाद सत्ता के शांतिपूर्ण हस्तांतरण की सराहना करते हुए बिरला ने आशा व्यक्त की कि इससे मलावी में संवैधानिक संस्थाएं और मजबूत होंगी तथा लोकतंत्र और सशक्त होगा। उन्होंने कहा कि दोनों देश लोकतान्त्रिक मूल्यों और आदर्शों में विश्वास रखते हैं तथा इनकी संसदें नागरिकों की आशाओं और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों की संसदों के बीच चर्चा-संवाद को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने मलावी में चक्रवात फ्रेडी से हुए नुकसान के लिए भारत की संसद, सरकार और जनता की ओर से संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में भारत मलावी के साथ खड़ा है। बयान के अनुसार, दोनों नेताओं ने कहा कि 'भारत और मलावी आपदा प्रबंधन में अच्छी पहल और रणनीतियों संबंधी जानकारी साझा करें।

## बंगाल विधानसभा ने मणिपुर हिंसा को लेकर निंदा प्रस्ताव पारित किया



**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में मणिपुर में हुई हिंसा की निंदा करने वाला एक प्रस्ताव सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विरोध के बीच पारित कर दिया गया। राज्य के संसदीय कार्य मंत्री सोवनदेब चट्टोपाध्याय ने सदन में प्रस्ताव पेश किया था।

प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हिंसा ग्रस्त राज्य में हालात से निपटने में भाजपा और केंद्र सरकार की भूमिका की निंदा की। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री को मणिपुर पर एक उदाहरण पेश करना चाहिए था। यह शर्म की बात है कि प्रधानमंत्री विदेश यात्रा पर तो जा सकते हैं लेकिन मणिपुर नहीं जा सकते। बनर्जी ने कहा, अगर प्रधानमंत्री मणिपुर में शांति बहाल करने में सक्षम नहीं हैं तो हमें (इंडिया)शांति बहाल करने की अनुमति दें।

नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि चर्चा करना अवैध है क्योंकि मामला अदालत में विचाराधीन है। उन्होंने कहा, हम मणिपुर पर चर्चा की इजाजत देने वाले अवैध फैसले के खिलाफ अदालत जाएंगे।

उन्होंने कहा कि यह संघीय ढांचे के चरित्र के खिलाफ है। चर्चा में भाग लेने वाले भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री के भाषण के बाद सदन से वॉकआउट कर दिया।



## सभी को पता है कि सरकार के पास दो तिहाई बहुमत: पीयूष गोयल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने संसद में विधाई एजेंडा को आगे बढ़ाने और अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा नहीं होने देने को लेकर सत्ता पक्ष की विपक्ष द्वारा की जा रही आलोचना को खारिज करते हुए सोमवार को कहा कि न तो नियम और न ही परिपाटी सत्तारूढ़ दल के लिए पहले बहुमत साबित करना अनिवार्य बनाती है। राज्यसभा में सदन के नेता और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने संवाददाताओं से कहा कि हर कोई जानता है कि सरकार के पास लोकसभा में दो तिहाई बहुमत है और संख्या बल इसके पक्ष में है।

कई विपक्षी सदस्यों ने कहा है कि सरकार के खिलाफ उनके अविश्वास प्रस्ताव को पहले लोकसभा में लाया जाना चाहिए। उन्होंने दावा किया है कि इससे पहले विधेयकों को पारित कराना सत्ता पक्ष के लिए गलत है। गोयल ने कहा कि ऐसा कोई नियम नहीं है और परिपाटी भी इस तरह के तर्क का समर्थन नहीं करती है। उन्होंने कहा कि अविश्वास प्रस्ताव पर कब चर्चा होनी है, यह तय करना लोकसभा अध्यक्ष का विशेषाधिकार है और जब भी अविश्वास प्रस्ताव लाया जाएगा, सरकार तैयार है।

कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने दावा किया है कि लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव स्वीकार किए जाने के बाद पारित सभी विधेयक 'संवैधानिक रूप से संदिग्ध' हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री तिवारी ने यह भी कहा कि लोकसभा में पेश अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के लिए 10 दिन की अवधि का इस्तेमाल विधेयकों को 'तेजी से पारित' करने के लिए नहीं किया जा सकता। कुछ अन्य विपक्षी सदस्यों ने भी उनके विचारों का समर्थन किया है। गोयल ने विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस यानी 'इंडिया' पर वार किया। विपक्षी गठबंधन के सांसदों के प्रतिनिधिमंडल ने मणिपुर का दौरा करने के बाद वहां लोगों की पीड़ा को रेखांकित किया और संसद में चर्चा की मांग की है।

## मेरे परिवार का कोई सदस्य डब्ल्यूएफआई चुनाव में दावेदारी पेश नहीं कर रहा: बृज भूषण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह ने सोमवार को कहा कि उनके परिवार का कोई सदस्य राष्ट्रीय खेल संस्था के आगामी चुनाव में दावेदारी पेश नहीं करेगा लेकिन उन्होंने दोहराया कि उनके गुट को 22 राज्य संघों का समर्थन हासिल है।

भारतीय जनता पार्टी के सांसद बृज भूषण ने दावा किया है कि रविवार



को उनकी मेजबानी में हुई बैठक में 25 राज्य इकाइयों में से 22 ने हिस्सा लिया। उन्होंने साथ ही कहा कि महासंघ के 12 अगस्त को होने वाले चुनावों के विभिन्न पदों के लिए 'उनके उम्मीदवारों' की घोषणा सोमवार को की जाएगी।

बृज भूषण सोमवार को डब्ल्यूएफआई चुनावों के लिए नामांकन के अंतिम दिन यहां भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के कार्यालय भी गए।

बृज भूषण ने कहा, आज नामांकन का अंतिम दिन है, 22 राज्य संघों के सदस्य यहां थे और वे मिलने के लिए आए हैं और अब अपना नामांकन भरने जा रहे हैं। इनमें मेरे परिवार का कोई सदस्य नहीं है। उन्होंने कहा, पहले चुनाव होने दीजिए और फिर जो भी जीतेगा वह अपना काम करेगा।

ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक तथा एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगाट सहित देश के शीर्ष छह पहलवानों ने बृज भूषण पर कथित रूप से यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे और जंतर-मंतर पर धरना-प्रदर्शन भी किया था। बृज भूषण हालांकि चुनाव लड़ने के पात्र नहीं हैं क्योंकि वह राष्ट्रीय महासंघ के प्रमुख के तौर पर 12 साल पूरे कर चुके हैं जो राष्ट्रीय खेल संहिता के तहत पद पर बने रहने के लिए अधिकतम समय है।

## वृन्दावन के वृद्धाश्रम में दूषित जल से दो महिलाओं की मौत, 24 अस्पताल में भर्ती

**मथुरा/भाषा।** मथुरा जिले में कथित तौर पर दूषित जल के प्रयोग से वृन्दावन के एक वृद्धाश्रम में रह रहीं दो महिलाओं की मौत हो गई और करीब 24 को बीमार हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

स्वास्थ्य विभाग की रैपिड रिस्पांस टीम (आरआरटी) प्रभारी डॉ. भूदेव प्रसाद ने बताया कि वृन्दावन के नगला रामताल क्षेत्र स्थित कृष्णा कुटीर आश्रय स्थल में रहने वाली वृद्ध एवं विधवा महिलाओं में से कई को दो दिन से उल्टी, दस्त आदि परेशानियां हो रही थी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार की रात एवं शनिवार को दो महिलाओं की मौत होने की सूचना मिली थी जिनकी पहचान मध्य प्रदेश निवासी कौशल्या (70) व सावित्री (65) के रूप में हुई है।

इस घटना की जानकारी मिलने के बाद मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अजय कुमार वर्मा और आरआरटी प्रभारी डॉ. भूदेव प्रसाद चिकित्सकों की एक टीम के साथ आश्रय स्थल पहुंचे और मुआयना किया तो ज्ञात हुआ कि उन्हें यह सब शिकायतें वहां आपूर्ति किए जाने वाले पानी के प्रयोग से शुरू हुईं। मुख्य चिकित्साधिकारी ने पत्रकारों को बताया कि इन महिलाओं की मृत्यु पेयजल संक्रमण के चलते हुई।

## सुविचार

**मेरे शब्दों को इतने गौर से मत पढ़ा कीजिए
जनाब, थोड़ा कुछ भी याद रह गया
तो, मुझे भुला नहीं पाओगे।**

### दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# आतंकवाद की नई लहर!

हाल में पाकिस्तान में आतंकवादी हमलों को लेकर हालात थोड़े सुधरे थे। बड़े बम धमाकों का सिलसिला थम-सा गया था, लेकिन खैबर पख्तूनख्वा में जेयूआई-एफ के सम्मेलन में धमाके के बाद ऐसी आशंका है कि अब वहां आतंकवाद की नई लहर आने वाली है। उक्त सम्मेलन में धमाके के कारण अब तक 54 लोग जान गंवा चुके हैं और 100 से ज्यादा घायल अस्पताल में भर्ती हैं। वैसे जेयूआई-एफ भी एक कट्टर जमात है। वह जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद का खुलकर समर्थन करती रही है। अतीत में भारतीय सुरक्षा बलों की कार्रवाइयों में जो आतंकवादी मारे गए, उन्हें जेयूआई-एफ ने 'हीरो' की तरह पेश किया था। अब उसी के 'राजनीतिक सम्मेलन' में आतंकवादी हमला हो गया! जिस आत्मघाती हमलावर ने बम धमाका किया, उसके आतंकवादी संगठन आईएसआईएस से संबंध बताए जा रहे हैं। वास्तव में आज पाकिस्तान आतंकवाद के ऐसे दलदल में फंस चुका है, जिससे बाहर निकलने का रास्ता आसान नहीं है। वह उसके हुक्मरानों को दिखाई भी नहीं दे रहा है। पाक ने जिन आतंकवादियों का पालन-पोषण किया था, उनके पीछे उसकी मंशा यह थी कि ये फौज व सरकार के आज्ञाकारी रहेंगे और भारत को परेशान करेंगे। शुरुआती दौर में ऐसा हुआ भी, लेकिन कालांतर में उनकी जड़ें इतनी गहरी हो गईं कि वे सत्ता में आने का ख़्वाब देखने लगे। वहां एक ही आतंकवादी संगठन की कई शाखाएं काम कर रही हैं। ऐसा भी होता है कि उनमें से कोई एक गुट फौज का समर्थक होता है, तो एक गुट उसका विरोधी होता है। प्राय: फौज अपने विरोधियों के खात्मे के लिए आतंकवादी संगठनों का सहारा लेती है। ऐसे कई प्रभावशाली लोग रहे हैं (जिनमें पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो का नाम भी शामिल है), जिन्हें फौज ने आतंकवादी संगठनों के जरिए मौत के घाट उतार दिया था।

चर्चा तो यह भी है कि जेयूआई-एफ के सम्मेलन में इतना बड़ा धमाका फौज या आईएसआई की सहमति के बिना संभव नहीं है। चूंकि यह पाकिस्तान के लिए चुनावी साल भी है। पिछले चुनाव में फौज जोर-शोर से इमरान ख़ान को सत्ता में लाई, लेकिन उन्हें बीच में ही विदाई दे दी थी। उसके बाद से इमरान और फौज के बीच छत्तीस का आंकड़ा है। माना जा रहा है कि वर्तमान में इमरान की लोकप्रियता सबसे ज्यादा है। अगर चुनाव में ज्यादा धांधली नहीं हुई तो वे दोबारा प्रधानमंत्री बन सकते हैं। फौज किसी भी सूरत में यह नहीं चाहती। वह हर कीमत पर उन्हें सत्ता में आने से रोकना चाहती है। भले ही पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को वापस कुर्सी पर बैठाना पड़े। इसके लिए चुनावों में बाधा डालने के वास्ते अभी से माहौल बनाना शुरू कर दिया है। जेयूआई-एफ के सम्मेलन में हमला होने के बाद फौज यह दलील दे सकती है कि चुनाव कराना खतरे से खाली नहीं है। चूंकि इस दौरान नेताओं की बड़ी रैलियां होंगी। लोग मतदान के लिए कतारों में लगेंगे। लिहाजा बड़े धमाकों का खतरा हो सकता है! पाक में चुनावी मौसम में ऐसे धमाके पहले हो चुके हैं, जिनमें एक ही बार में 100 से ज्यादा लोगों की जान चली गई थी। आखिर में उनके तार 'रावलपिंडी' से जुड़ते पाए गए। ऐसे हमलों के बहाने पाक फौज मनमानी करती है और जिसे रोकना चाहती है, उसे हमले का भय दिखाती है। बेनज़ीर भुट्टो को भी तत्कालीन सेना प्रमुख जनरल परवेज मुशर्रफ ने इसी तरह भयभीत करने की कोशिश की थी। जब अक्टूबर 2007 में बेनज़ीर पाकिस्तान लौटीं और इस बात की प्रबल संभावना थी कि वे अपनी लोकप्रियता के दम पर चुनाव जीत जाएंगी, तो उनके काफिले पर बम हमला हुआ था। उसमें लगभग 150 लोगों की मौत हुई और 400 लोग घायल हुए थे। मुशर्रफ चाहते थे कि बेनजीर को किसी तरह चुनावों से दूर रखा जाए। आखिरकार एक और आतंकी हमले में उनकी जान चली गई। आशंका है कि फौज अपनी पकड़ मजबूत बनाए रखने के लिए पाक को एक बार फिर उसी दौर में लेकर जा सकती है। चाहे उसे किसी आतंकवादी गुट का इस्तेमाल और किसी लोकप्रिय राजनेता को निशाना बनाना पड़े!

## ट्वीटर टॉक



आशा उत्साह की जननी है, आशा में तेज है, बल है, जीवन है, आशा ही संसार की संचालक शक्ति है- मुंशी प्रेमचंद। प्रसिद्ध साहित्यकार एवं सुविख्यात लेखक मुंशी प्रेमचंद जी की जयंती पर उन्हें मेरा कोटिशः नमन।

**-गोविंद सिंह डोटासरा**



राजस्थान में वैमनस्यता किस तरह हद पार कर रही है इसका वर्णन भी नहीं किया जा सकता है। भीलवाड़ा के लुहारिया ग्राम में राजकीय माध्यमिक विद्यालय की छात्रा की बोतल में विशेष समुदाय के लड़के द्वारा पेशाब भरकर पिलाने की घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है।

**-दिया कुमारी**




लंदन जाकर जलियांवाला बाग नरसंहार का प्रतिशोध लेने वाले माँ भारती के महान सपूत शहीद उधम सिंह जी के बलिदान दिवस पर सादर नमन। इस वीर क्रांतिकारी योद्धा का जीवन और स्वतंत्रता संग्राम के प्रति अविस्मरणीय योगदान पीढ़ियों को देश के लिए मर-मिटने का संदेश देता रहेगा।

**-ओम बिरला**

## प्रेरक प्रसंग

# असीम आस्था



स्वामी शरणानंद ईश्वर में अपने अनंत विश्वास के लिए प्रसिद्ध थे। वह नेत्रहीन थे। नियमित ईश्वर का भजन-पूजन करते थे। साथ ही मंदिर जाने का भी उनका अटूट नियम था। एक दिन एक श्रद्धालु ने उनसे प्रश्न किया, 'महाराज, आपकी ईश्वर में असीम आस्था प्रशंसनीय है। आप भजन-पूजन करते हैं, यह भी संतोषप्रद है, किंतु आप नेत्रहीन होकर भी मंदिर जाते हैं, यह अटपटा लगता है। आप तो मूर्ति को नहीं देख सकते, फिर इससे क्या प्रयोजन सिद्ध होता है?' स्वामी शरणानंद ने बड़े विनम्र स्वर में उत्तर दिया, 'मैं देख नहीं सकता, तो क्या हुआ? ईश्वर तो सब देखते हैं। भगवान की आंखों से कोई बच नहीं सकता। मुझे तो वह यहां आता देख ही रहे हैं, यही मेरे लिए प्रसन्नता की बात है। इसी हार्दिक प्रसन्नता हेतु मैं यहां आता हूं।' श्रद्धालु उनकी ईश्वर के प्रति असीम आस्था देख हतप्रभ रह गया।

## सामयिक

# विपक्षी सांसदों के मणिपुर दौरे के बाद

**अवधेश कुमार**
मोबाइल -98110 27208



मणिपुर के दो दिवसीय दौरे पर गया 21 सदस्यीय विपक्षी आईएनडीआईए सांसदों के प्रतिनिधिमंडल के वक्तव्यों व विवरणों में ऐसा कुछ नहीं है जो पहले समाचार माध्यमों से हमारे आपके पास नहीं पहुंचे हों। कहने का तात्पर्य यह नहीं कि विपक्षी सांसदों का दौरा महत्वपूर्ण नहीं था। बिल्कुल महत्वपूर्ण था। जनप्रतिनिधि होने के नाते वहां जाकर सच्चाई को अपनी आंखों से देखना, समझना तथा जो कुछ समाधान के रास्ते नजर आए उसे देश,सरकार के समक्ष रखना विपक्ष का भी दायित्व है। इस नाते देखें तो कहा जा सकता है कि विपक्षी सांसदों का दौरा बिल्कुल उपयुक्त था। विपक्षी सांसदों ने राज्यपाल अनुसुइया उइके से मुलाकात कर अपना ज्ञापन भी दिया। राज्यपाल को ज्ञापन देने का अर्थ है कि वह केंद्र सरकार तक भी पहुंच जाएगा। आखिर राज्यपाल केंद्र सरकार के प्रतिनिधि के तौर पर ही प्रदेश के संवैधानिक प्रमुख होते हैं। इन सबके साथ विपक्ष का मूल स्वर यही है कि प्रधानमंत्री इस विषय पर बोलें। तो फिर बात आकर वही अटक गई है। प्रश्न है कि अब आगे क्या?

एक ओर आप मणिपुर की स्थिति का आकलन करें और दूसरी ओर संसद न चलने दें तो रास्ता निकलेगा कैसे? सांसदों के दल ने राज्यपाल को जो ज्ञापन दिया उसके अनुसार 140 से अधिक मौतें हुई, 500 से अधिक लोग घायल हुए, 5000 से अधिक घर जला दिए गए तथा मैतेयी एवं कुकी दोनों समुदाय के 60,000 से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। इन तथ्यों को कोई नकार नहीं सकता। उन्होंने यह भी लिखा है कि राहत शिविरों में स्थिति दयनीय है। प्राथमिकता के आधार पर बच्चों का विशेष ख्याल रखने की जरूरत है। विभिन्न स्ट्रीम के छात्र अनिश्चित भविष्य का सामना कर रहे हैं जो राज्य और केंद्र सरकारों की प्राथमिकता होनी चाहिए। इस तरह के सुझावों को स्वीकार करने में केंद्र और प्रदेश सरकार को समस्या नहीं हो सकती है। इस तरह के जातीय नस्ली संघर्ष में शांति, राहत तथा पुनर्वास अत्यंत कठिन होता है। हर संभव कोशिश करने के बावजूद राहत शिविरों में लोगों को सामान्य जीवन देना पूरी तरह संभव नहीं होता। तो इसके लिए जितनी कोशिश संभव है की जानी चाहिए। शेष बातें तो सरकार की आलोचना है जिन पर बहुत चर्चा करने की आवश्यकता नहीं। लेकिन अगर वाकई विपक्ष मणिपुर में शांति व्यवस्था स्थापित करने की आकांक्षा रखता है तथा यह चाहता है कि इस तरह की पुनरावृति भविष्य में नहीं हो तो उसे अपने दायित्व पर भी विचार करना चाहिए। अगर राज्यपाल अनुसूया यूके ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजने तथा सभी समुदायों के नेताओं से बात करने का सुझाव दिया है तो इसे स्वीकार करने में किसी को समस्या नहीं हो सकती है। मणिपुर का संकट निस्संदेह, राष्ट्रीय सुरक्षा का संकट है। पर विपक्ष का यह कहना कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल जाए यह गले नहीं उतर सकता। जाहिर है इसमें मणिपुर की चिंता कम और आगामी लोकसभा चुनाव की राजनीति ज्यादा दिखती है। वैसे तो 18 जुलाई को बेंगलुरु में आईएनडीआईए के गठन के साथ ही स्पष्ट हो गया था कि आगामी संसद में विपक्ष आक्रामक भूमिका निभाएगा तथा हर स्तर पर यह संदेश देने की कोशिश करेगा कि वे एकजुट हैं और नरेंद्र मोदी सरकार के विरुद्ध प्रखरता से हमले कर रहे हैं। संसद के अधिवेशन में यही दिख रहा है। प्रधानमंत्री बोलें इस इस एक जिद के कारण दोनों सदनों की कार्यवाही लगातार बाधित है। सच यह है कि चाहे कश्मीर हो या पूर्वोत्तर हिंसा और अशांति के बीच सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों का कभी भी प्रधानमंत्री ने नेतृत्व किया हो इसका रिकॉर्ड नहीं है। अगर आईएनडीआईए के नेता इसकी मांग कर रहे हैं तो उन्हें बताना चाहिए कि इसके पूर्व कब प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हिंसा में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल गया? मणिपुर में भाजपा की सरकार है और केंद्र में भी तो निश्चित रूप से प्रदेश की स्थिति को लेकर उससे प्रश्न किया जाएगा। विपक्ष कटघरे में खड़ा करेगा यह भी स्वाभाविक है। सरकार उत्तर दे इसमें भी दो मत नहीं हो सकता किंतु प्रधानमंत्री ही उत्तर दें इसका अर्थ तो यही है कि आपको सरकार के वक्तव्य से ज्यादा अपनी राजनीति साधनी है। कुछ विषय ऐसे होते हैं जिन पर राजनीति से ऊपर उठकर सभी दलों को व्यवहार करना चाहिए। देश की एकता अखंडता तथा आंतरिक अशांति व संघर्ष के मामले पर अगर राजनीतिक एकता नहीं होगी तो किस पर होगी? यह तो संभव नहीं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मणिपुर पर कभी बोलेंगे ही नहीं। इससे कोई इनकार कर नहीं सकता कि मणिपुर में स्थिति धीरे-धीरे शांत हो रही है। सरकार ने कुकी और मैतेयी दोनों समुदायों के नेताओं के साथ बातचीत शुरू की है और इसके कई दौर संपन्न हो चुके हैं। सेना और केंद्रीय सशस्त्र बल वालों ने दोनों समुदायों के बीच कुछ बफर जोन भी स्थापित कर दिए हैं। मर्चुअरी में पड़े मृतकों के शवों के अंतिम संस्कार किए जा रहे हैं। थोड़े समय में जलाए गए, उजाड़े गए घरों के पुनर्निर्माण की भी शुरुआत होगी। तोड़े गए ध्वस्त किए गए सड़कें और पुल भी बनने शुरू होंगे। सुरक्षा बढ़ने के साथ यातायात की शुरुआत भी होगी। जहां-जहां संभव है विद्यालय खोले गए हैं। कहने का तात्पर्य है कि मणिपुर को सामान्य स्थिति में लाने की सरकारी स्तर पर कोशिशें जारी है। सरकार ने तात्कालिक और दूरगामी लक्ष्य बनाया होगा। इसमें एक सोपान तक पहुंचने के बाद अब प्रधानमंत्री का वक्तव्य देना उचित होगा। यही मणिपुर पूरे पूर्वोत्तर तथा देश के हित में होगा।

हमने देखा कि मिजोरम जैसे राज्य में महिलाओं के विरुद्ध माहौल बना। कुकी समुदाय के समर्थन में आयोजित बंद और प्रदर्शन में स्वयं वहां के मुख्यमंत्री तक शामिल हुए। एक पहलू बताने के लिए पर्याप्त है कि अगर मणिपुर जैसे संवेदनशील मामले पर संयम और संतुलन के साथ व्यवहार नहीं किया जाए तो क्या हो सकता है। विपक्ष ने कई पहलुओं पर चर्चा नहीं की 5000 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हो चुके हैं तथा करीब 7000 लोग गिरफ्तार हैं। दूसरे या झूठ है कि केंद्र ने मणिपुर को उसके हालात पर छोड़ दिया। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय 3 सप्ताह से ज्यादा वही रहे और उनके साथ अनेक अधिकारी थे। क्या मणिपुर की स्थिति दुरुस्त करने के लिए प्रधानमंत्री की भूमिका होगी ही नहीं? ऐसा सोचने वालों पर हंसने के सिवा कुछ नहीं किया जा सकता। म्यानमार और बांग्लादेश के ईसाई कूकियों ने हथियार उठाकर देश तोड़ने का अभियान चलाया और कुछ अभी तक संलिप्त हैं। स्वयं यूपीए सरकार ने इनके साथ युद्ध विराम समझौता किया बावजूद सभी ने हथियार नहीं डाले। इसी तरह कूकी महिलाओं के साथ घृणित दुर्व्यवहार के वीडियो जारी करने के पीछे भी षड्यंत्र की परतें खुल रही है। इन सबको अस्वीकार कर देंगे त मणिपुर क्या पूर्वोत्तर की समस्या का समाधान नहीं होगा। फरवरी 2021 के बाद केवल मिजोरम में 30,000 से ज्यादा म्यानमार के लोग आ चुके हैं। केंद्र की पहल पर अब उनके बायोमेट्रिक पहचान की प्रक्रिया शुरू हुई है। मैतेयी समुदाय ने भारत से अलग होने का आंदोलन कभी नहीं किया। इसलिए दोनों को एक ही तराजू पर रख कर नहीं देखा जा सकता। किसी समस्या का समाधान तभी होगा जब उसकी वास्तविकता स्वीकार किया जाए। मणिपुर में अफस्पा हटाने का आंदोलन कांग्रेस के शासनकाल में ही आरंभ हुआ। सत्य है कि भाजपा सरकार ने पूरे पूर्वोत्तर से धीरे-धीरे अफस्पा को हटाया। मणिपुर में इस कारण भी समस्याएं आईं क्योंकि अफस्पा हटाने के बाद सेना के अनेक पोस्ट खत्म हो गए थे। इस संघर्ष में उन्हें फिर से खड़ा करना भी एक चुनौती थी। कुल मिलाकर कहने का तात्पर्य कि विपक्ष 2024 की दृष्टि से अपनी राजनीति करें पर मणिपुर की सच्चाई को स्वीकार कर उसके हल करने की दिशा में भूमिका निभाए। संसद को ठप्प करना यह भूमिका नहीं हो सकता। अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिए जाने के बाद लोकसभा अध्यक्ष के फैसले की प्रतीक्षा करनी चाहिए। आप अपनी बात अविश्वास प्रस्ताव के दौरान रखिए। उसके पहले मणिपुर की दिल दहलाने वाली घटनाओं का संज्ञान लेकर वास्तविकता को समझना तथा उसके तथा शांति के लिए अपील व भूमिका निभाना ही किसी भी भारतीय का कर्तव्य हो सकता है।

## चिंतन

# अविश्वास प्रस्ताव के जरिए एकता दिखाएगा विपक्ष

**आशीष वशिष्ठ**
मोबाइल : 99 3624 7777



वर्ष 2018 में विपक्ष ने मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तंज कसते हुए कहा था, मैं आपको शुभकामनाएं देना चाहता हूं. आप इतनी मेहनत करो कि 2023 में आपको फिर से अविश्वास प्रस्ताव लाने का मौका मिले। यानि पीएम मोदी ने जो कहा था, वो अब सच हो गया है। विपक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव पेश कर दिया है। आगामी सप्ताह इस पर बहस होगी जो संभवतः दो दिन चलेगी। बीती 19 जुलाई को दो महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाए जाने वाले वीडियो के सामने आने के बाद जरूर प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी नाराजगी व्यक्त की किंतु उसके अलावा वे पूरे घटनाक्रम पर खामोश ही बने हुए हैं। इसका कारण क्या है यह तो वे ही बता सकेंगे किंतु गृहमंत्री ने संसद और उसके बाहर भी इस बारे में काफी कुछ कहा जिससे विपक्ष संतुष्ट नहीं हुआ। जब उसे लगा कि प्रधानमंत्री उस मुद्दे पर बोलने राजी नहीं हैं और सरकार भी मणिपुर के मुद्दे पर विपक्ष की इच्छानुसार लंबी चर्चा नहीं करवाना चाहती तब उसने अविश्वास प्रस्ताव रूपी अस्त्र चला।

इस प्रस्ताव को लाने के पीछे मणिपुर के संगीन हालात को कारण बताया जा रहा है। विपक्ष लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर ये दबाव बनाता रहा है कि वे वहां की स्थिति पर बयान दें। विपक्ष ने मणिपुर में हिंसा के मुद्दे पर केंद्र सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया है, तो कई सवाल भी उठे हैं। एक तरफ प्रचंड संख्याबल है, दूसरी तरफ विपक्ष के पास गिनती की संख्या है। ऐसे में अविश्वास प्रस्ताव क्यों लाया गया? प्रस्ताव से किसे फायदा-नुकसान होगा?

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की ये टिप्पणी इस बारे में बेहद सटीक है कि प्रधानमंत्री को मणिपुर के बारे में बोलने के लिए बाध्य करना ही इस प्रस्ताव का उद्देश्य है। चूंकि अविश्वास प्रस्ताव उनकी सरकार के ही विरुद्ध है, लिहाजा उस पर हुई बहस का जवाब उनको देना ही पड़ेगा। यद्यपि सत्ता पक्ष के साथ ही विपक्षी बैंचों से भी अनेक सांसद प्रस्ताव के विरोध और समर्थन में बोलेंगे किंतु असली आकर्षण प्रधानमंत्री का भाषण होगा क्योंकि वे उनके ऊपर हुए हर हमले का बिंदुवार जवाब तो देंगे ही जिसके लिए वे जाने जाते हैं किंतु लगे हाथ विपक्ष को भी घेरने में संकोच नहीं करेंगे। जबसे संसद की कार्यवाही का टेलीविजन पर सीधा प्रसारण होने लगा है तबसे इस तरह के अवसरों पर समाज का एक बड़ा वर्ग भी अविश्वास प्रस्ताव पर होने वाली बहस को देखता है। अतीत में ऐसे प्रस्तावों पर सरकार गिरी भी है इसलिए लोगों में उत्सुकता बढ़ जाती है।

स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार अविश्वास प्रस्ताव के दौरान एक मत की कमी से गिर गई थी। वहीं 1979 में मोरारजी भाई देसाई की सरकार के विरुद्ध विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर रोचक बात ये हुई कि एक दिन पहले सरकार के पक्ष में धुआंधार भाषण देने वाले वरिष्ट मंत्री जॉर्ज फर्नांडीज प्रस्ताव पर मतदान के समय पाला बदलकर विपक्ष में जा बैठे जिससे सरकार के पतन का रास्ता साफ हो गया। अनेक अल्पमत सरकारें जिन्हें खुद कांग्रेस ने बनवाया उसी के समर्थन वापस लेने से गिर चुकी हैं। जिनमें चौधरी चरण सिंह, चंद्रशेखर, एच डी देवगौड़ा और इंदर कुमार गुजराल कांग्रेस के समर्थन से प्रधानमंत्री बनने में सफल हुए किंतु कांग्रेस ने उन सबसे गद्दी छीन ली। इसका कारण आज तक कांग्रेस स्पष्ट नहीं कर सकी। वैसे एक सरकार भाजपा ने भी गिरवाई थी। जब 1990 में लालकृष्ण आडवाणी की रथ यात्रा को बिहार में लालू सरकार द्वारा रोके जाने पर उसने केंद्र की विश्वनाथ प्रताप सरकार गिरवा दी थी जिसे वह बाहर से समर्थन दे रही थी।

जहां तक मोदी सरकार के विरुद्ध लाए इस अविश्वास प्रस्ताव का सवाल है तो लोकसभा में उसके पास चूंकि अपने बल पर ही बहुमत है इसलिए प्रस्ताव के पारित होने की संभावना न के बराबर है। इसके जरिए विपक्ष ने प्रधानमंत्री को अपना बचाव करने के लिए मजबूर करने का जो दांव चला है वह भी ज्यादा कारगर नहीं हो सकेगा क्योंकि एक तो उसके पास लोकसभा में ज्यादा अच्छे वक्ता हैं नहीं और दूसरी बात ये भी कि मणिपुर की हिंसा का जो असली पक्ष है, मसलन मैतेई के पास ज्यादा जनसंख्या के बाद भी कम भूमि, कुकी के एकाधिकार वाले पर्वतीय क्षेत्र में अफीम की अवैध खेती, म्यांमार के रास्ते कुकी और रोहिंग्या मुस्लिमों की घुसपैठ, मादक पदार्थों और हथियारों की तस्करी के अलावा ईसाई मिशनरियों द्वारा धर्मांतरण की आड़ में अलगाववाद को बढ़ावा आदि बातें भी बहस के दौरान जब सामने आएंगी तब विपक्ष के पास भी उनका कोई जवाब नहीं होगा।

मैतेई और कुकी के बीच के विवाद में देश विरोधी ताकतों की भूमिका भी अविश्वास प्रस्ताव के दौरान सत्ता पक्ष उजागर करने की कोशिश करेगा जिससे विपक्ष को निहत्था किया जा सके। इस अविश्वास प्रस्ताव के गिरने के बाद विपक्ष क्या करेगा ये बड़ा सवाल है। राहुल गांधी ने वहां का दौरा तो किया किंतु वे दोनों समुदायों के बीच शांति स्थापित करने की कोशिश से दूर रहे। ऐसे में अविश्वास प्रस्ताव के नामंजूर हो जाने के बाद विपक्ष खाली हाथ नजर आए तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए क्योंकि उसमें एक भी नेता ऐसा नहीं है जिसमें मणिपुर जाकर शांति स्थापित करने की क्षमता हो। जो विपक्षी नेता उस राज्य में हैं, वे भी कहां छिपे हैं, कोई नहीं जानता।

विपक्ष का मणिपुर के प्रति अचानक आकर्षण बढ़ा है, जबकि इतिहास गवाह है कि उग्रवाद के चरम दौर' में हालात इतने विस्फोटक और हिंसक थे कि भारत की वायुसेना को हस्तक्षेप करना पड़ा था। तब देश की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी थीं। मणिपुर में म्यांमार, थाईलैंड आदि देशों के ड्रग सिंडिकेट और अवैध हथियारों के सौदेबाज सक्रिय रहे हैं। अभी तीन दिन पहले म्यांमार से 718 घुसपैठियों ने मणिपुर में अवैध प्रवेश किया है। विपक्ष ने यह मुद्दा कभी, क्यों नहीं उठाया। शायद अविश्वास की बहस के दौरान विपक्ष को याद आ जाए कि इंडिया' के एक हिस्से की स्थितियों का सच यह भी है। दरअसल मणिपुर के जरिए विपक्ष सियासी बिसात बिछा कर प्रधानमंत्री मोदी और उनकी भाजपा को शिकस्त देना चाहता है, जो फिलहाल संभव नहीं लगता।

मणिपुर में बीते कुछ सालों से जरूर भाजपा के नियंत्रण वाली सरकार है किंतु लंबे समय तक वहां कांग्रेस भी सत्ता में रही। मौजूदा मुख्यमंत्री भी भाजपा में कांग्रेस से आयात किए हुए हैं। ऐसा लगता है प्रधानमंत्री इस मुद्दे पर बोलने से पहले विपक्ष को थका देने की रणनीति पर चलते रहे। उनकी बात सही साबित हुई क्योंकि मणिपुर के वर्तमान हालात को वह जिस तरह से भुनाना चाह रहा था उसमें कामयाबी नहीं मिली। यदि महिलाओं को निर्वस्त्र किए जाने वाली घटना सामने न आती तब उस राज्य की वास्तविकता से देश अनभिज्ञ ही रहता। लेकिन जैसे-जैसे जानकारियां मिल रही हैं उनके बाद से तमाम भ्रांतियां दूर होती जा रही हैं।

कांग्रेस समेत समूचे विपक्ष ने अविश्वास की राजनीति को शिद्दत से खेलने की पूरी तैयारी है। हाल ही में विपक्ष के 26 दलों ने एक साथ चुनाव लड़ने की बात कही है। वर्तमान में इन दलों के पास सदन में विधायकों की संख्या जरूर कम है, लेकिन जनाधार काफी ज्यादा है। जानकारों का कहना है कि विपक्ष के पास भले 142 सीट हों, लेकिन वह एकजुटता का संदेश देना चाहता है। हाल ही में एनसीपी में टूट के बाद से विपक्ष में एकजुटता नहीं होने की बात कही जा रही थी। अविश्वास प्रस्ताव के जरिए विपक्ष सदन में अपनी एकजुटता पूरे देश को दिखाना चाहता है। वहीं विपक्ष को यह भी लगता है कि इस एकता का लाभ उसे इस साल के अंत में चार राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव और अगले साल लोकसभा चुनाव में मिलेगा।

**महत्त्वपूर्ण**

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

इच्छा



सोमवार को पटना के एक मंदिर में एक भक्त श्रावण के पवित्र महीने के दौरान अपनी इच्छाओं की पूर्ति के लिए 'नंदी' के कानों में फुसफुसाती हुई।

# यदि मुद्दों को सड़कों पर ही उठाना है तो संसद के लिए निर्वाचित क्यों हुए : अनुराग ठाकुर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने विपक्ष पर मणिपुर में हिंसा को लेकर संसद में चर्चा से भागने का आरोप लगाते हुए सोमवार को प्रश्न किया कि यदि वे सड़कों पर ही मुद्दों को उठाना चाहते हैं तो निर्वाचित होने का भला क्या उपयोग? ठाकुर का यह बयान 20 जुलाई से शुरू हुए मानसून सत्र में विपक्ष के मणिपुर मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान की मांग पर अड़े रहने के कारण संसद के दोनों सदनों में जारी गतिरोध की पृष्ठभूमि में आया है। केंद्रीय मंत्री ने संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से प्रश्न किया, ''यदि आपको (विपक्ष को) सड़कों पर ही मुद्दे उठाने हैं तो सदन में निर्वाचित होने का भला क्या उपयोग?'' उन्होंने दावा किया कि मणिपुर की स्थिति पर सरकार चर्चा कराने के लिए तैयार है। गृह मंत्री अमित शाह ने भी लोकसभा में पिछले सप्ताह कहा था कि वह संसद में मणिपुर की स्थिति पर चर्चा के लिए तैयार हैं। ठाकुर ने कहा, ''मैं विपक्ष से अनुरोध करना चाहूंगा कि कृपया सदन में आयें और चर्चा में भाग लें। वे जो भी मुद्दा उठाना चाहें, सरकार चर्चा के लिए तैयार है। विपक्ष की ऐसी क्या विवशता है जो वे चर्चा से भाग रहे हैं?''



उन्होंने दावा किया कि विपक्ष सदन से ''भागने'' के मौके ढूंढता रहता है। ठाकुर ने कहा, ''वे केवल भागने में विश्वास रखते हैं, चर्चा में भाग लेने में नहीं। वे खबरों में बने रहना चाहते हैं, किंतु चर्चा में भाग नहीं लेते हैं। यह स्पष्ट है कि वे चुनाव वर्ष में राजनीति कर रहे हैं।'' गत सप्ताहांत 21 विपक्षी सांसदों का प्रतिनिधिमंडल मणिपुर गया था और उन्होंने इस पूर्वोत्तर राज्य की स्थिति को बहुत ही ''चिंताजनक'' पाया और सरकार पर ''लोगों की पीड़ा से बेपरवाह रहने का'' आरोप लगाया। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने सुझाव दिया था कि सत्तारूढ़ दल के सदस्यों को भी मणिपुर जाना चाहिए। इस पर ठाकुर ने हैरत जताते हुए कहा कि क्या विपक्षी नेता पश्चिम बंगाल जाने से 'भयभीत' हैं जहां हाल के पंचायत चुनावों के दौरान हिंसा हुई थी। केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''अधीर 21 सांसदों का प्रतिनिधिमंडल लेकर पश्चिम बंगाल क्यों नहीं गये? कांग्रेस एवं कम्युनिस्ट पश्चिम बंगाल में कदम रखने से भयभीत हैं क्योंकि वे जानते हैं कि बंगाल में क्या होता है? वहां हिंसा होती है, वहां हत्या होती है, वहां अन्य अपराध होते हैं....क्या आपने ममता बनर्जी सरकार के डर से हार मान ली है?''


संसद भवन



भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर सोमवार को नई दिल्ली में मानसून सत्र के दौरान संसद भवन जाती हुई।

# अंजू के पाकिस्तान जाने के पीछे 'अंतरराष्ट्रीय साजिश' के पहलू की जांच करेगी मप्र पुलिस : मंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**अधिकारियों को 'साजिश के पहलू' पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश दिया है, क्योंकि यह मामला प्रदेश के ग्वालियर जिले से जुड़ा हुआ है। अंजू के पिता थॉमस ने पिछले सप्ताह कहा था, वह (अंजू) कैसे अपने दो बच्चों और पति को छोड़कर भाग गई... उसने अपने बच्चों के बारे में जरा-भी नहीं सोचा।**

भोपाल। मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने सोमवार को कहा कि राज्य पुलिस भारतीय महिला अंजू (34) के फेसबुक पर बने दोस्त से शादी रचाने के लिए पाकिस्तान जाने से जुड़े मामले में 'अंतरराष्ट्रीय साजिश' के पहलू की जांच करेगी। दो बच्चों की मां अंजू ने इस्लाम स्वीकार करने के बाद इस साल 25 जुलाई को पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के अपर दीर जिले में अपने दोस्त नसरुल्ला (29) से शादी कर ली थी। दोनों के बीच 2019 में फेसबुक के जरिये दोस्ती हुई थी। धर्म बदलने के बाद फातिमा के नाम से पहचानी जाने वाली अंजू को इस्लाम कबूल करने पर उपहार के रूप में नकद राशि और जमीन दिए जाने की खबरें हैं।

खैबर पख्तूनख्वा स्थित एक रियल एस्टेट कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मोहसिन खान अब्बासी ने अंजू और नसरुल्ला से शनिवार को उनके आवास पर मुलाकात की थी। अब्बासी ने अंजू को एक चेक सौंपा था, जिस पर दर्ज धनराशि के बारे में खुलासा नहीं किया गया है। इसके अलावा, अंजू को 2,722 वर्ग फुट जमीन के दस्तावेज भी दिए गए थे, ताकि वह पाकिस्तान में आराम से रह सके। अंजू के पिता गया प्रसाद थॉमस मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले के टेकनपुर कस्बे के पास स्थित बौना गांव के निवासी हैं। थॉमस ने पिछले हफ्ते कहा था कि उनके परिवार के लिए अंजू अब 'मृत व्यक्ति' के समान है। अंजू के मामले के बारे में पूछे जाने पर मिश्रा ने सोमवार को भोपाल में संवाददाताओं से कहा, पाकिस्तान में जिस तरह से अंजू का स्वागत हो रहा है और उस पर उपहारों की बौछार की जा रही है, उससे कई संदेह पैदा होते हैं। इसलिए मैंने पुलिस की विशेष शाखा को निर्देश दिया है कि वह इस मामले की बारीकी से जांच करे और पता लगाए कि कहीं यह कोई अंतरराष्ट्रीय साजिश तो नहीं है।

मिश्रा के मुताबिक, उन्होंने अधिकारियों को 'साजिश के पहलू' पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश दिया है, क्योंकि यह मामला प्रदेश के ग्वालियर जिले से जुड़ा हुआ है। अंजू के पिता थॉमस ने पिछले सप्ताह कहा था, वह (अंजू) कैसे अपने दो बच्चों और पति को छोड़कर भाग गई... उसने अपने बच्चों के बारे में जरा-भी नहीं सोचा। अगर वह ऐसा करना चाहती थी, तो उसे पहले अपने पति को तलाक देना चाहिए था। अब वह हमारे लिए जीवित नहीं है। कुछ तबकों में जारी इन अटकलों के बारे में पूछे जाने पर कि इस घटना के पीछे कुछ और भी हो सकता है, क्योंकि अंजू का गांव ग्वालियर में टेकनपुर कस्बे के करीब है, जहां सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की एक प्रमुख यूनिट तैनात है, थॉमस ने ऐसी अटकलों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, किसी ने भी हमारे सामने ऐसा कोई मुद्दा नहीं उठाया। केवल आप (मीडिया) यह सवाल उठा रहे हैं। मेरे बच्चों में से कोई भी आपराधिक प्रवृत्ति का नहीं है। मैं इस मामले में किसी भी जांच का सामना करने के लिए तैयार हूं। थॉमस ने अपनी बेटी को मानसिक रूप से परेशान और सनकी भी बताया था।

# जैकलीन फर्नांडीज के खिलाफ मानहानि मामले में नोरा फतेही ने अदालत में बयान दर्ज कराये

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली। अभिनेत्री नोरा फतेही ने अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज के खिलाफ आपराधिक मानहानि की शिकायत के सिलसिले में सोमवार को यहां की एक अदालत में अपना बयान दर्ज करवाया। नोरा ने संदिग्ध ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपये के धनशोधन मामले में 'अनुचित ढंग से' उनका नाम घसीटकर कथित रूप से उन्हें बदनाम करने को लेकर जैकलीन के खिलाफ आपराधिक शिकायत दर्ज कराई है। कनाडाई नागरिक नोरा ने इस शिकायत के सिलसिले में मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट कपिल गुप्ता के सामने अपना बयान दर्ज किया। इस शिकायत में 15 मीडिया संगठन आरोपी बनाये गये हैं। नोरा ने जैकलीन और मीडिया संगठनों पर गलत विमर्श के माध्यम से लोगों की नजर में उनकी छवि बर्बाद करने का आरोप लगाया।

नोरा ने अदालत में कहा, ''उन्होंने मुझे पैसे की खातिर संबंध बनाने वाली कहा और मुझपर ठग सुकेश चंद्रशेखर के साथ रिश्ते में रहने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इससे उन्हें वित्तीय नुकसान हुआ है तथा उनकी छवि पर आंच आयी। उन्होंने कहा कि इस मामले से उनका कोई लेना – देना नहीं है। उन्होंने कहा, '' मैं महसूस करती हूं कि इस मामले में कुछ लोगों को बचाने के लिए मीडिया में मुझे बलि का बकरा बनाया गया है और चूंकि मैं बाहरी हूं इसलिए मुझे आसान शिकार के तौर पर इस्तेमाल किया गया।



# यश कुमार की फिल्म 'अपहरण' का टीजर रिलीज


**मुंबई/वार्ता**

भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता यश कुमार की आने वाली फिल्म 'अपहरण' का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म 'अपहरण' का टीजर कैप्टन वाच हिटस के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। यश कुमार ने कहा कि एक शानदार कहानी पर फिल्म 'अपहरण' का निर्माण हुआ है। टीजर, महज एक झलक है। फिल्म और भी लाजवाब बनी है, जिसके लिए हमने बेहद मेहनत की है। फिल्म जब रिलीज हो, सब लोग फिल्म को सिनेमाघरों में जा कर देखें। तभी फिल्म का असली मजा आएगा। फिल्म का ट्रेलर भी जल्द ही रिलीज होगा। फिल्म में गाने और संवाद भी ऑडियन्स को आकर्षित करेगी।

फिल्म 'अपहरण' के निर्माता अमित गुप्ता और अजय गुप्ता हैं, जबकि सह निर्माता आलोक गुप्ता, उमा गुप्ता, रितु गुप्ता, राखी गुप्ता हैं। निर्देशक अजय श्रीवास्तव हैं। फिल्म में यश कुमार और प्रियंका रेवड़ी के साथ गौरी शंकर, पूनम सिंह, धनंजय सिंह, संजय सिंह मुख्य भूमिका में हैं। सहायक निदेशक विनय सिंह, विवेक मिश्रा, धनंजय सिंह, चंद्र भूषण मौर्य हैं। कहानीकार अजय श्रीवास्तव, संगीतकार छोटे बाबा और गीतकार छोटू यादव हैं। कोरियोग्राफर राम देवन और पप्पू खन्ना हैं। डीओपी समीर, जहांगीर हैं। फाइट मास्टर प्रदीप खरका एंड कंपनी हैं।

# डेटिंग की खबरों के बीच हाथों में हाथ डालकर घूमते दिखे तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा

**मुंबई/एजेन्सी**





तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा की डेटिंग की खबरों के बीच स्टार कपल को मुंबई में हाथों में हाथ डाले घूमते देखा गया।

सेलिब्रिटी पैपराजी योगेन शाह द्वारा इंस्टाग्राम पर शेयर की गई तस्वीर और वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रही है, जिसमें कपल मुस्कुराते हुए एक-दूसरे का हाथ पकड़कर चलते हुए देखे जा सकते हैं। दोनों को एक ही कार में घर वापस जाते भी देखा गया। आउटिंग के दौरान तमन्ना और विजय कैजुअल ड्रेस में दिखे। एक्ट्रेस ने ब्लैक जींस के साथ वाइट टी-शर्ट पहनी थी। जबकि, विजय स्वेटशर्ट, स्नीकर्स के साथ ब्लू जींस में नजर आए। इस कपल ने 'लस्ट स्टोरीज 2' के सेट पर मुलाकात के बाद डेटिंग शुरू की। उन्होंने फिल्म निर्माता सुजॉय घोष की शॉर्ट फिल्म में एकसाथ काम किया। विजय एक्ट्रेस के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करने से नहीं कतराते। एक मैगजीन को दिए इंटरव्यू में एक्टर ने साझा किया कि वह उनके प्यार में 'पागल' हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो, विजय की लेटेस्ट रिलीज श्वेता त्रिपाठी के साथ 'कालकूट' है। एक्टर जल्द ही 'द डिवोशन ऑफ सस्पेक्ट एक्स' बुक पर आधारित करीना कपूर खान स्टारर थ्रिलर में दिखाई देंगे। जो होमी अदजानिया की 'मर्डर मुबारक' होगी। तमन्ना रजनीकांत अभिनीत फिल्म 'जेलर' और 'वेदा' में नजर आएंगी।





# फिल्म 'घूमर' का टीजर रिलीज

**मुंबई/वार्ता**

बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन और अभिनेत्री सैयामी खेर अभिनीत फिल्म घूमर का टीजर रिलीज हो गया है। आर बाल्की निर्देशित फिल्म 'घूमर' एक अपाहिज खिलाड़ी की विजयी कहानी बताती है, जो अभिषेक बच्चन द्वारा अभिनीत अपने कोच के मार्गदर्शन में एक क्रिकेटर के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करती है। फिल्म घूमर में अभिषेक बच्चन कोच की भूमिका में हैं, जबकि लीड रोल में सैयामी खेर हैं। घूमर में अंगद बेदी और शबाना आजमी जैसे कलाकार भी नज़र आने वाले हैं। घूमर के टीज़र में अभिषेक बच्चन की आवाज़ में दमदार डायलॉग सुनाई दे रहा है। अभिषेक बच्चन कहते हैं, लॉजिकली एक हाथ से कोई खेल सकता हैनहीं..लेकिन ये लाइफ न, लॉजिक का खेल नहीं है, मैजिक का खेल है, मैजिक।टीज़र में अभिषेक और सैयामी की झलक दिखाई गई है। फिल्म घूमर 18 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज़ की जाएगी।



# फिल्म 'ड्रीम गर्ल 2' का नया पोस्टर रिलीज

**मुंबई/वार्ता**

बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना की आने वाली फिल्म ड्रीम गर्ल 2 का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। आयुष्मान खुराना इन दिनों अपनी सुपरहिट फिल्म ड्रीम गर्ल के सीक्वल ड्रीम गर्ल 2 में काम कर रहे हैं। ड्रीम गर्ल 2 में अनन्या पांडे की भी अहम भूमिका है। फिल्म ड्रीमगर्ल 2 का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। आयुष्मान खुराना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म 'ड्रीम गर्ल 2' का नया पोस्टर शेयर किया है। फिल्म के इस नए पोस्टर में आयुष्मान खुराना के साथ अनन्या पांडे भी नजर आ रही हैं। आयुष्मान खुराना ने फिल्म ड्रीम गर्ल 2 के नए पोस्टर के साथ लिखा है, 'ये है परी, मेरी ड्रीम गर्ल।' इसके साथ रेड हार्ट इमोजी बनाया है। आयुष्मान खुराना ने बताया है कि फिल्म का ट्रेलर 01 अगस्त को रिलीज होगा। ड्रीम गर्ल 2 एकता आर कपूर और शोभा कपूर द्वारा निर्मित और राज शांडिल्य द्वारा निर्देशित हैं। यह फिल्म 25 अगस्त 2023 को रिलीज होने जा रही है।

# भूमि पेडनेकर 'जियो मामी' की लघु फिल्म प्रतिस्पर्धा की ब्रांड अंबेसेडर बनीं

**मुंबई/भाषा**



अभिनेत्री भूमि पेडनेकर को 'जियो मामी मुंबई फिल्म उत्सव' द्वारा मुंबई शहर की थीम पर आयोजित लघु फिल्म प्रतिस्पर्धा 'डायमेंशन्स मुंबई' का ब्रांड अंबेसेडर बनाया गया है। इस प्रतियोगिता में देशभर के 18 से 25 साल के युवा फिल्मकार भाग ले सकते हैं। भूमि ने कहा कि वह इस साल 'डायमेंशन्स मुंबई' का हिस्सा बनकर उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, ''यह युवा फिल्मकारों के लिए शानदार मंच है। यह उन्हें उनकी निजी कहानियां बयां करने का अवसर देता है। उन्हें अपनी फिल्म बड़े पर्दे पर बड़े श्रोतावर्ग को दिखाने का अवसर मिलता है। मुंबई ने कई दशकों से दुनियाभर के फिल्मकारों को प्रेरित किया है। इस शहर के डीएनए में सिनेमा है।'' जियो मामी की निदेशक अनुपमा चोपड़ा ने कहा कि 'डायमेंशन्स मुंबई' की अंबेसेडर के रूप में भूमि पेडनेकर का साथ होना खुशी की बात है। 'डायमेंशन्स मुंबई' के लिए प्रविष्टियां 31 मई तक जमा की जा सकती हैं।

# चन्द्रमुखी-2 से जारी हुआ राघव लॉरेंस का लुक, कंगना के साथ आएंगे नजर

**मुंबई/एजेन्सी**



दक्षिण भारतीय फिल्मों को वर्तमान में पैन इंडिया के तौर पर मूल भाषा के साथ-साथ दक्षिण की तमिल, तेलुगू, मलयालम, कन्नड व हिन्दी भाषा में प्रदर्शित करने का चलन बढ़ गया है। आज वहाँ बनने वाली हर दूसरी फिल्म को पैन इंडिया के तौर पर प्रस्तुत किया जा रहा है। इन्हीं फिल्मों में शामिल है हिन्दी फिल्मों की नायिका कंगना रनौत की चन्द्रमुखी-2, जो वर्ष 2005 में प्रदर्शित हुई रजनीकांत की चन्द्रमुखी का सीक्वल है। रजनीकांत की इस फिल्म ने अपने समय में बॉक्स ऑफिस पर धुआंधार कारोबार किया था। यह 890 दिनों के साथ सबसे लंबे समय तक चलने वाली दक्षिण भारतीय फिल्म थी, लेकिन इसके बाद 2009 में तेलुगु फिल्म मगधीरा इससे आगे निकल गयी, जो 1000 से भी ज्यादा दिन तक चली। फिल्म ने पांच तमिलनाडु राज्य फिल्म पुरस्कार, चार फैंस एसोसिएशन अवार्ड्स और दो फिल्मफेयर पुरस्कार जीते। ज्योतिका और वडिवेलु को फिल्म पर उनके काम के लिए प्रत्येक को कलीममणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

अब इस फिल्म का सीक्वल बनाया जा रहा है जिसका निर्देशन पी.वासु ने किया है। पी.वासु ने ही इस फिल्म के पहले भाग को भी निर्देशित किया था। इस फिल्म में साउथ जाने-माने अभिनेता राघव लॉरेंस नजर आएंगे। दर्शकों को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। इस बीच फिल्म के मेकर्स ने फैंस की बेताबी को और बढ़ाते हुए चंद्रमुखी 2 से वेट्टैयन के रूप में राघव लॉरेंस का फर्स्ट लुक जारी कर दिया है। फिल्म का पोस्टर आज यानी 31 जुलाई को सुबह 10 बजे रिलीज किया गया है। इसके साथ ही फिल्म के रिलीज डेट पर से भी पर्दा उठ गया है।

फिल्म के निर्माताओं ने ट्विटर पर 'चंद्रमुखी 2' का पोस्टर शेयर करते हुए इसकी रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। कंगना रणौत और राघव लॉरेंस स्टारर यह फिल्म को गणेश चतुर्थी के मौके पर सिनेमाघरो में रिलीज होगी। जब से इस फिल्म की घोषणा हुई है, तब से सिनेमा प्रेमी इस फिल्म को लेकर काफी एक्साइटेड हैं।

पी. वासु के निर्देशन में बनी इस फिल्म में राघव लारेंस लीड में नजर आने वाले हैं। इसके अलावा उनकी इस फिल्म में बॉलीवुड की बेबाक हसीना कंगना रणौत भी फीमेल लीड एक्ट्रेस के तौर पर में नजर आने वाली हैं। लाइका प्रोडक्शन और सुबास्करन द्वारा निर्मित यह फिल्म सितंबर में तमिल, तेलुगु, हिंदी, मलयालम और कन्नड़ भाषा में रिलीज होगी।

RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

'अपने लेखन से प्रेमचंद ने ब्रिटिश साम्राज्यवाद के प्रतिरोध में एक राष्ट्रीय चेतना का निर्माण किया था। वे सच्चे अर्थों में एक भारतीय लेखक थे'। यह विचार सोमवार को जैन मानद विश्वविद्यालय द्वारा प्रेमचंद जयंती पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ विनय कुमार यादव ने व्यक्त किए।

## सहयोग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



मारवाड़ी युवा मंच सेन्ट्रल शाखा के अध्यक्ष अंकित गोयल, सचिव शिशिर अग्रवाल,उपाध्यक्ष कौशल सुल्तानिया, कोषाध्यक्ष राहुल बंसल, पूर्व अध्यक्ष रोहित केडिया, कार्यक्रम के मुख्य संयोजक शशांक अग्रवाल एवं अन्य संयोजक विवेक अग्रवाल ने आनंद सबके लिए योजना के तहत शहर के एक वृद्धाश्रम में निवासित 130 वरिष्ठ महिलाओं को वस्त्र व भोजन भेंट किया तथा उनके साथ समय बिताया। इस मौके पर मायुमं बेंगलूरु के अध्यक्ष अंकित मोदी, सचिव स्नेहकुमार जाजू, सेन्ट्रल के पूर्व अध्यक्ष संदीप टिबरेवाल, पद्म बरडिया सहित अनेक सदस्य परिवार उपस्थित थे।




# हनुमंतनगर में बारह व्रत कार्यशाला का हुआ आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। अभातेयुप द्वारा निर्देशित तेरापंथ युवक परिषद एवं महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में बारह व्रत स्वीकारणीय कार्यशाला का आयोजन तेरापंथ भवन हनुमंतनगर में हुआ। श्रावक निष्ठा पत्र का वाचन अभातेयुप के गौतम ख़ाब्या ने किया।

तेयुप अध्यक्ष अंकुश बैद एवं महिला मंडल उपाध्यक्ष संगीता तातेड़ ने सभी का स्वागत किया। मंडल की मंत्री मीनाक्षी देरासरिया ने प्रशिक्षण प्रदाता उपासिका का परिचय दिया। उपासिका रेखा पोरवाड़ ने बारह व्रतों का संक्षेप विवरण देते हुए कहा कि अणुव्रत, गुणव्रत व शिक्षाव्रत रूप के बारे में हर श्रावक-श्राविका को ज्ञात कराया कि जीवन में सीमाकरण ही व्रतों का अनुकरण है। श्रावक की पहली भूमिका है सम्यक्त्व दीक्षा हैं। सम्यक्त्व की पुष्टि के बाद दूसरी भूमिका व्रत दीक्षा स्वीकार की जाती। व्रत ही संयम पूर्ण जीवन जीने का सूत्र है। उपासिका ने उपस्थित परिषद परिवार की जिज्ञासा का हल करते हुए सभी को बारह व्रत स्वीकार करने के लिए प्रोत्साहन दिया गया। उपासिका का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। संचालन महिला मंडल उपाध्यक्षा संगीता तातेड़ ने किया। आभार ज्ञापन तेयुप मंत्री राजीव हीरावत ने किया।



# यशवंतपुर में 'दि पॉवर ऑफ रिजलियन्स' विषयक कार्यशाला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय यशवंतपुर तेरापंथ महिला मंडल द्वारा शिल्पशाला के अंतर्गत 'दि पॉवर ऑफ रिजलियन्स' विषयक कार्यशाला यशवंतपुर सभा भवन में रखी गई।

अध्यक्ष मीना दक ने सबका स्वागत कर विषय की प्रस्तुति दी। चंदना गन्ना और वनिता जैन ने विषय पर आधारित एक सुंदर गीत की प्रस्तुति दी। सोनू दक ने प्रशिक्षिका अनिता गांधी का परिचय दिया। अनिता जैन ने रेजलियन्स का अर्थ बताते हुए कहा कि एक एहसास है जहां स्वयं एवं परिस्थितियों के साथ तालमेल बैठाना। कुम्हार जिस तरह मिट्टी से घडा बनाने के लिए आकार देने के लिए जो श्रम करता है उसी प्रकार हम अपने जीवन को बनाते है। अपने ज्ञान, विवेक का हम सही उपयोग करे तो रेजिलियन्स में पॉवर होता है। नीतू बाबेल ने धन्यवाद दिया। सहमंत्री वनिता बोल्या ने संचालन किया। महिला मंडल द्वारा नव निर्वाचित कन्या मंडल की संयोजिका नेहा पोखरना का सम्मान किया गया तथा पूर्व संयोजिका भाविका व सह संयोजिका अदिति गन्ना ने शुभकामनाएं दी। रितिका मुथा ने इस सत्र का संचालन किया। सहप्रभारी संगीता बाबेल ने धन्यवाद दिया।



# सिवांची महिलाओं ने आयोजित किया संगीतमय स्नात्र महोत्सव

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। सिवांची ओसवाल जैन महिला संघ की नई समिति में बसवनगुड़ी में विराजित साध्वीश्री सुलोचनाश्री के सान्निध्य में दादावाड़ी भवन में भव्य स्नात्र महोत्सव का आयोजन किया। पूजन में विधि विधान सुरेन्द्र, विमल गुरुजी ने कराया। संगीतकार सुनील परमार टीम ने संगीत की प्रस्तुति दी तथा उत्साहपूर्ण वातावरण में स्नात्र पूजा सम्पन्न हुई। महिला अध्यक्ष सीमा मेहता, सचिव प्रीति चोरड़िया व अन्य सदस्याओं ने प्रभु की शोभायात्रा निकाली। 56 दिक्कुमारी के रूप में नन्हें कलाकारों ने प्रस्तुति दी। परमात्मा प्रतिमा पर कई प्रकार की औषधि से अभिषेक किए गए। महिला समिति ने आरती की। युवा कलाकार पारस गड़ा ने भजनों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर करीब 350 महिला सदस्याएं उपस्थित थीं। महिला संघ ने प्रायोजक परिवार और जिनकुशल दादावाड़ी ट्रस्ट निर्भयलालजी गोलेच्छा, तेजराज मालाणी, अरविंद कोठारी आदि को धन्यवाद दिया। इस स्नात्र महोत्सव में सिवांची जैन संघ के अशोक सालेचा, राजेन्द्र सालेचा, राजू ओस्तवाल, जितेन्द्र कांकरिया, महावीर कानूंगा, रेखा छाजेड़, कांता बागरेचा, सोनाली ललवानी, चन्द्रा बागरेचा आदि की उपस्थिति रही।

# दौलपुरा स्टार टीम बनी मेवाड़ क्रिकेट लीग-2 की चैम्पियन

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शहर की आरियन मार्केटिंग द्वारा आयोजित एमसीएल बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट 2 का खिताब दौलपुरा स्टार टीम ने कोशिथल नाइट्स टीम को फाइनल में हराकर अपने नाम किया। इस टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया। इस बार एमसीएल की मैनेंजमेंट टीम ने प्रतियोगिता में महिलाओं की भी चार टीम जोड़ी, जिसमे प्रियांशी वारियर्स ने स्पार्कलिन रोकस्टार को हराकर खिताब अपने नाम किया। मुख्य प्रायोजक दिनेश पोखरना ने प्रतियोगिता की शुरुआत की। इस टूर्नामेंट को सफल बनाने में मैनेंजमेंट टीम सदस्य सुनील गन्ना, भावेश पितलिया, आकाश गन्ना, राजेश गांधी, मनीष दक, ऋषभ गांधी, चिराग मांडोत, दिनेश गांधी एवं विजय कोठारी का सहयोग रहा।



दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## मधुमेह शिविर

तेरापंथ युवक परिषद राजाजीनगर द्वारा संचालित आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर श्रीरामपुरम द्वारा मानव सेवा के अंतर्गत लक्ष्मीनारायणपुरम सर्कल में निःशुल्क मधुमेह एवं रक्तचाप जांच का आयोजन किया गया जिसमें 57 सदस्य लाभान्वित हुए। शिविर में तेयुप पूर्व अध्यक्ष अरविंद गन्ना, अध्यक्ष कमलेश गन्ना, राजेश पोरवाड़ सहित अनेक सदस्यों ने सेवा प्रदान की।

# शांतिमय-आनंदमय जीवन के लिए कदाग्रह का त्याग जरुरी : साध्वी प्रियश्रेयांजनाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। शहर के मागड़ी रोड स्थित सुमतिनाथ जैन श्वेतांबर संघ में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वीश्री प्रीतिसुधाश्रीजी की निश्रा धर्म बिंदु ग्रंथ और अमरकुमार सुरसुंदरी चरित्र का वाचन करते हुए साध्वीश्री प्रियश्रेयांजनाश्रीजी ने कहा कि सत्य और सही बात को नहीं मानना, असत्य बात में सत्य का आग्रह रखना, अपनी बात पकड़ कर रखना कदाग्रह है, पूर्व की बात का आग्रह रखना पूर्वाग्रह है। अपनी बात का हट रखना हटाग्रह है। जीवन में सावधानी जरूरी है। भोजन करने में, चलने में, कार्य करने में हर जगह सावधानी की जरूरत है। हर क्रिया में असावधानी याने काया से प्रवृत्ति की जाती हैं पर मन और चित्त कहीं ओर रहता है। सावधानी गुण है, जागृति के साथ जियेंगे तो परिणाम की ओर ध्यान जायेगा और कदाग्रही नहीं बनेंगे। कदाग्रही अपनी गलत बात स्वयं को हल्का, नीचा नहीं दिखाने के लिए स्वीकार ही नहीं करेगा। पानी के लिए पक्का मटका लाते हैं, कच्चे मटके में पानी नहीं टिकेगा या वह टूट जाता है, कदाग्रही उस कच्चे मटके की तरह है। पक्के मार्ग को पकड़ना है तो कदाग्रह को छोड़ना होगा। जीवन में आगे बढ़ना है तो कदाग्रह को छोड़ना होगा। व्यक्ति कदाग्रह का त्याग करेगा तो गुरु, माता पिता, बड़े बुजुर्ग की बात समझ लेगा, कदाग्रही समझ नहीं सकेगा।

कदाग्रह का त्याग करके देखेगा तो जीवन में समाधान ही समाधान। पूर्व की बात का आग्रह नहीं रखेंगे तो जीवन में नोंक झोंक नहीं होगी। वर्तमान समय को देखते हुए बात को रखना पर पूर्व की बात का आग्रह नहीं रखना चाहिए। कदाग्रही एक ही बात को पकड़ कर रखेगा, जबकि जो कदाग्रही नहीं है वह एक ही बात को नहीं पर सही बात को पकड़ेगा। शांतिमय-आनंदमय जीवन के लिए कदाग्रह का त्याग करना होगा।

# परमात्मा के वचन ही हमारे लिए सर्वोपरि होना चाहिए : साध्वी सुलोचनाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। शहर के जिनकुशलसूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट बसवनगुडी के तत्वावधान में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वीश्री सुलोचनाश्री ने कहा कि गुरु की इच्छा से चलना और मन, वचन, काया से गुरु के प्रति सम्पूर्ण समर्पण होना चाहिए। परिवार में रहने से हमें माता पिता के प्रति पूर्ण समर्पण होना चाहिए। बहू का सास श्वसुर के प्रति भी ऐसा ही समर्पण होना चाहिए। वचन योग जिसमें परमात्मा ने जो कहा वही हमारे लिए सर्वोपरि है, वही अटल सत्य है। हमें हमारा लक्ष्य निर्धारित करना है कि हमें अच्छा श्रावक बनना है, साधक बनना है अथवा अच्छा साधु बनना है। देशविरती धर्म और सर्वविरती धर्म में से एक व्रत को हमें स्वीकार करना है। देशविरती में बारह व्रत है और सर्वविरती में पांच अणुव्रत है।

आगार धर्म और अणगार धर्म में से एक को तो अपनाना ही है। यह शरीर तो हमारे किराए का मकान है, जिस चीज को हम नहीं छोड़ते वह चीज हमें ही छोड़ जाती है। हमें इस संसार को अपने से छोडना है, नहीं तो संसार हमें छोड़ देगा। संसार से सर्वविरती धर्म अपनाकर अणगार धर्म स्वीकार करना है। एक सुश्रावक का जन्म तो घर में होना चाहिए लेकिन मृत्यु तो उपाश्रय में ही होनी चाहिए। मंगलवार को प्रातः मासक्षमण के तपस्यार्थियों का सामूहिक प्रत्याख्यान होगा।



# ललित सेठिया बने राजस्थान परिषद के नए अध्यक्ष

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। राजस्थान परिषद की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन विजयनगर स्थित अर्हम भवन में हुआ। विजय गीत व दिवगंत सदस्यों को श्रद्धांजलि के बाद अध्यक्ष बालचंद चिंडालिया ने सभी सदस्यों का स्वागत किया और कार्यकाल की सफलता पर सभी के प्रति कृतज्ञता व्यत की।

विगत वार्षिक साधारण सभा के मिनट्स व गतिविधियों की जानकारी मंत्री प्रदीप बैद ने दी। स्वन्त्रन्ता दिवस कार्यक्रम, राजस्थान परिषद् क्रिकेट लीग, होली की गोठ एवं अन्य कार्यक्रमों में प्राप्त सहयोग के लिए सभी को धन्यवाद दिया । कोषाध्यक्ष अनिल सुराना ने आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। उपस्थित सदस्यों ने परिषद के विकास के लिए महत्वपूर्ण सुझाव सदन के समक्ष प्रस्तुत किए। मेंटोर हाथीमल बैद ने समाज से शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में योगदान की अपील की। पूर्व अध्यक्ष कमल तातेड़ ने शुभकामनाएँ दी।

चुनाव अधिकारी देवेन्द्र नाहटा ने वर्ष 2023-25 के लिए अध्यक्ष पद के लिए ललित सेठिया के नाम की घोषणा की।

नरपतसिंह चोरड़िया, रणजीत सुराना, हाथीमल बैद, केबिनेट सदस्य कमल तातेड़, सुनील सुराना, अनिल सुराना, रणजीत बोथरा, प्रदीप बैद, अशोक कोठारी ने अध्यक्ष बालचंद चिंडालिया का सम्मान किया। ललित सेठिया ने आगामी कार्यकाल हेतु सभी के सहयोग की अपेक्षा की। विनय बैद ने धन्यवाद दिया। अशोक कोठारी ने मंच का संचालन किया ।

# कैलाश मित्तल बने अग्रवाल संगठन कर्नाटक के अध्यक्ष

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन की बैठक राष्ट्रीय चेयरमैन प्रदीप मित्तल की अध्यक्षता में तथा विपिनराम अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल व अन्य व्यक्तियों की उपस्थित में बैठक का आयोजन हुआ। ललित डाकलिया ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बैठक में सर्वसम्मति से कैलाशचंद मित्तल को अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन कर्नाटक प्रांत के अध्यक्ष के रूप में चुना गया। इसके साथ ही विपिनराम अग्रवाल ने बताया कि कैलाश मित्तल इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन कर्नाटका प्रांत के कार्यकारी अध्यक्ष और मेट्रोमोनी चेयरमैन भी हैं। मित्तल स्थानीय अग्रवाल समाज से भी सक्रिय रूप से जुड़े हुए है ।



# प्रेमचंद ने ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ राष्ट्रचेतना जगाई थी : विनय यादव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। 'अपने लेखन से प्रेमचंद ने ब्रिटिश साम्राज्यवाद के प्रतिरोध में एक राष्ट्रीय चेतना का निर्माण किया था। वे सच्चे अर्थों में एक भारतीय लेखक थे'। यह विचार सोमवार को जैन मानद विश्वविद्यालय द्वारा प्रेमचंद जयंती पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ विनय कुमार यादव ने व्यक्त किए। इस समारोह में बोलते हुए उन्होंने प्रेमचंद के राष्ट्रीय स्वरूप और किसान मजदूरों के प्रति उनकी संवेदनशीलता को सबके सामने रखा। उन्होंने कहा कि प्रेमचंद एक ऐसे शख्स थे जिन्होंने सबसे पहले किसानों की दयनीय स्थिति को धर्म एवं पूंजीवाद के गठजोड़ में देख लिया था।

कार्यक्रम की शुरुआत में छात्रों ने प्रेमचंद की कहानियों पर पत्र प्रस्तुत किए। उन्होंने 'पूस की रात' 'दो बैलों की कथा', 'बड़े घर की बेटी' एवं 'बूढ़ी काकी' जैसी प्रेमचंद की कालजयी कहानियों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। पत्र-प्रस्तुति में तुषार, सलोनी एवं पदम सिंह ने क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस कार्यक्रम में भाषा विभाग की अध्यक्षा डॉ रजनी जयराम ने भी प्रेमचंद के व्यक्तित्व पर अपने बहुमूल्य विचार प्रस्तुत किए। जैन मानद विश्वविद्यालय के भाषा विभाग से डॉ श्रीनिवासय्या, डॉ गीता मधुसूदन, डॉ रेखा सिन्हा, डॉ. भँवर सिंह, डॉ राखी शाह एवं डॉ. प्रकाश कांबले भी कार्यक्रम में मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन प्रणीत जैन, ख़ुशी एवं भवानी सिंह ने किया। हर्षिता ने कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।



# जीतो द्वारा महिलाओं के लिए 'अनलॉक द पोटेंशियल' व्यवसायिक कार्यक्रम आयोजित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जीतो नॉर्थ की महिला विंग द्वारा राष्ट्रीय योजना जीतो बिज़नेस नेटवर्किंग के अन्तर्गत महिलाओं की व्यवसायिक गतिविधियों में भागीदारी बढ़ाने की प्रेरणा हेतु 'अनलॉक द पोटेंशियल'एक कार्यक्रम का आयोजन अध्यक्ष बिंदु रायसोनी के नेतृत्व में राजाजीनगर स्थित जीतो कार्यालय में किया गया। नॉर्थ के सचिव व जेबीएन संयोजक प्रमोद बाफना ने उत्साही महिलाओं को प्रेरणा देते हुए कहा कि महिलाओं में हिम्मत, मेहनत एवं कार्य कौशल की मात्रा प्रचुर रूप में होती है और इन्ही गुणों से वो व्यवसायिक गतिविधियों में भी बहुत आगे बढ़ सकती है। महिलाओं को प्रशिक्षण देते हुए उन्होंने क्षमता के साथ नेटवर्किंग के ज़रिये व्यापार में आगे बढ़ने के गुर बताते हुए कहा कि आत्मविश्वास के साथ किये गये छोटे व्यवसाय को भी बड़ा रूप देना संभव है। उन्होंने जेबीएन की अवधारणाओं को ज्ञानवर्धक एवं आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया।

कार्यशाला में उपस्थित जेबीएन टायकून्स के अध्यक्ष महावीर भंसाली ने कहा कि सफलता पाने के लिए धीरज रखना बहुत जरूरी है और धैर्य महिलाओं में कूट-कूट कर भरा हुआ है,इसलिए वो कोई भी मुक़ाम हासिल कर सकती है। साथ ही उन्होंने कहा कि जीवन में हेल्थ और वेल्थ दोनों जरूरी हैं। उन्होंने जेबीएन के माध्यम से व्यवसाय मे सफलता के अनुभव को विस्तार से एवं इससे सम्बन्धित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। अपेक्स रेफ़रल संयोजक मनोज कोचर ने अपने अनुभवों एवं सफलता यात्रा के विभिन्न पड़ाव के बारे में जानकारी साझा की। नितिन लुनिया ने नेटवर्किंग बिजनेस के महत्व को बताया। जीतो नॉर्थ के उपाध्यक्ष सिद्धार्थ बोहरा ने बताया कि पिछले दिनों जेबीएन एसएसबी द्वारा स्वावलंबन पर जोन एवं राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित खाद्य सामग्री बनाने की प्रतियोगिता में जीतो नॉर्थ की फाल्गुनी शाह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया व ज़ोन में सीमा शाह ने द्वितीय तथा निर्मला सुराणा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को एसएसबी की सहसंयोजिका रेखा जैन, केकेजी जोन जीपीएफ संयोजक अंजलि जैन तथा साउथ विंग महिला सहमंत्री नीलम ललवाणी ने पुरस्कार प्रदान किये। संयोजिका तनुजा मेहता और सह-संयोजिका सुमन रांका ने सभी का परिचय एवं संचालन किया। इस कार्यक्रम में पदाधिकारियों सहित 150 सदस्याओं के उपस्थिति रही। नार्थ चैप्टर के अध्यक्ष इन्दरचन्द बोहरा, महामंत्री सुधीर गादिया एवं महिला विंग संयोजक कमल पुनमिया ने शुभकामनायें दी। महिला विंग महामंत्री सुमन वेदमुथा ने धन्यवाद दिया।



# शाकद्वीपीय समाज का धार्मिक, शिक्षा, संस्कार शिक्षण का साप्ताहिक शिविर शुरू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज द्वारा समाज के लोगों में धार्मिक शिक्षा, संस्कार जागृति शिक्षण को लेकर हर रविवार को साप्ताहिक निःशुल्क शिक्षण शिविर शहर के आरटी स्ट्रीट स्थित जीके लेन में विगत चार रविवार से आचार्य पंडित गुरु प्रसादजी के आचार्यत्व में आयोजित किया जा रहा है।

समाज चेयरमैन चंपालाल शर्मा ने बताया कि धार्मिक शिक्षण शिविर में लोगों को दैनिक जीवन मे उपयोगी धार्मिक शिक्षा एवं संस्कारों से अवगत कराने के साथ ही गुरु स्तुति, गणेश अथर्व शीर्षया, संध्या वंदना, आदित्य हृदय स्तोत्र, श्री सूक्त, पुरुष सूक्त, सरस्वती सूक्त, सूर्य सूक्त आदि अनेक विषयों पर प्रत्येक रविवार सुबह 11 बजे पुरुषों व तीन बजे से महिलाओं के लिए कक्षाएं ली जा रही है। शिविर में शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज के चेयरमैन चंपालाल शर्मा, अध्यक्ष रमेश शर्मा, उपाध्यक्ष गोविंद शर्मा, भंवरलाल शर्मा, प्रमोद, पूरण, रमेश, अजय, जेठमल, नरेंद्र, भरत, जीवन शर्मा सहित कई लोग शिविर में भाग ले रहे हैं।

डिजिटल रूप में भी पढ़ें दक्षिण भारत हिन्दी दैनिक www.dakshinbharat.com

Printed & Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.)
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com